Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 62 | मंगलवार, 04 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सार संक्षेप

## आधी आबादी पर जोर, महिलाओं के लिए बड़े ऐलान, शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी फोकस



**नई दिल्ली।**

चुनावी साल में बजट का फोकस महिलाओं पर रहा है।इसमें वीमेन हाट, महिलाओं के लिए जिम और गरीब लड़कियों की शादी के लिए विवाह मंडप जैसी योजनाओं का ऐलान किया गया है। बिहार सरकार ने सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 3.17 लाख करोड़ रुपये का बजट विधानसभा में पेश किया। बजट बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिनके पास वित्त विभाग भी है।यह पिछले बजट 2,79 लाख करोड़ रुपये से 38,169 करोड़ अधिक है। बजट पेश करते हुए चौधरी ने कहा कि कैंसर केयर सोसायटी बनाई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बेगुसराय में एक कैंसर अस्पताल खोलेगी क्योंकि सबसे ज्यादा कैंसर मरीज इसी जिले से हैं। चुनावी साल में बजट का फोकस महिलाओं पर रहा है। इसमें वीमेन हाट, महिलाओं के लिए जिम और गरीब लड़कियों की शादी के लिए विवाह मंडप जैसी योजनाओं का ऐलान किया गया है। भाजपा नेता ने कहा कि बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ सबका विकास' के सिद्धांत और सीएम के 'न्याय के साथ विकास' के सिद्धांत पर आधारित है। चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2025 और 2026 में शिक्षा पर 60,954 करोड़, स्वास्थ्य पर 20,335, ग्रामीण विकास पर 16,193 और ऊर्जा पर 13,483 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

## ब्रिटेन और आयरलैंड के दौरे पर जाएंगे जयशंकर



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर छह दिनों के लिए ब्रिटेन और आयरलैंड के दौरे पर जा रहे हैं। उनका यह दौरा मंगलवार को शुरू होगा।जयशंकर इन दो यूरोपीय देशों की यात्रा पर तब होंगे, जब लंदन कूटनीतिक गतिविधियों के केंद्र में है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सार्वजनिक तौर पर बहस होने के बाद रविवार को लंदन में ही यूरोपीय देशों की महत्वपूर्ण बैठक हुई है। राष्ट्रपति जेलेंस्की अमेरिका से लंदन पहुंचे और वहीं पर यूरोप के तकरीबन हर देश के शीर्ष नेता पहुंचे हैं।जयशंकर की लंदन में होने वाली आधिकारिक मुलाकातों में भारत व ब्रिटेन के द्विपक्षीय रिश्तों के अलावा यूक्रेन-रूस की स्थिति और मौजूदा वैश्विक हालात पर भी चर्चा होगी। विदेश मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि जयशंकर की इस यात्रा के दौरान ब्रिटेन-भारत के रक्षा और कारोबारी संबंधों पर खास तौर पर विमर्श होगा। जयशंकर की ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के अलावा पीएम स्टार्मर के कैबिनेट के कुछ दूसरे वरिष्ठ सदस्यों से भी मुलाकात करेंगे। पिछले हफ्ते ही भारत और ब्रिटेन ने मुक्त व्यापार समझौते को फिर से शुरू करने का फैसला किया है। दोनों देशों ने इस वर्ष के अंत तक इस समझौते को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इस दौरान जयशंकर ब्रिटेन और आयरलैंड में रहने वाले प्रवासी भारतीयों से भी अलग अलग मुलाकात करेंगे।

## 'दूसरी श्वेत क्रांति की ओर बढ़ रहा देश'

# गृहमंत्री शाह ने कहा- डेयरी सेक्टर से हो सकता है गांव से पलायन की समस्या का समाधान

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने डेयरी (दुग्ध उत्पादन) सेक्टर के विकास को गांव से पलायन की समस्या का अहम विकल्प बताया। गृहमंत्री शाह ने डेयरी सेक्टर के लिए दुग्ध उत्पादन के अलावा गोबर प्रबंधन, चारा प्रबंधन, मरे हुए पशुओं के अवशेषों के प्रबंधन के साथ-साथ कार्बन क्रेडिट का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए सहकारिता मॉडल के आधार पर वैज्ञानिक बनाने की जरूरत पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली अधिकांश आबादी सीमांत किसानों की है और उन्हें समृद्ध बनाने के लिए गांव से ग्लोबल की यात्रा, समूह से सफलता का विश्वास और फार्म से फैक्ट्री तक पूरी श्रृंखला विकसित करना जरूरी है।दिल्ली में आयोजित 'डेयरी क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी पर




कार्यशाला' का उद्घाटन करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में सक्रिय डेयरी में उपभोक्ता से आने वाले पैसे का 75 फीसद हिस्सा किसानों के पास जाता है, जबकि कॉरपोरेट क्षेत्र में सक्रिय डेयरियों में किसानों को 32 फीसद ही जाता है। उन्होंने देश के हर किसान के लिए इस अंतर को कम करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि फिलहाल डेयरी सेक्टर में 23 राज्यस्तरीय सहकारिता संघ सक्रिय हैं, श्वेत क्रांति-दो में इसे सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक पहुंचाना होगा। इसी तरह से मौजूदा 28 मार्केटिंग करने वाली डेयरियों की संख्या तीन गुना बढ़ाने होगी। उन्होंने देश के 80 फीसद जिलों को डेयरी सहकारिता से जोड़ने का लक्ष्य दिया। बायोगैस योजना को मिले बढ़ावा सहकारिता डेयरी से जुड़े किसानों से गोबर खरीदकर बायोगैस के उत्पादन के लिए किये गए समझौतों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें उन किसानों को भी शामिल करना होगा, जो सहकारिता से जुड़े डेयरी को दूध नहीं बेचते हैं। सभी किसानों को गोबर खरीद से जोड़ने से बायोगैस बनाने की योजना को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को भी इसका फायदा होगा।इसी तरह से उन्होंने सहकारिता से साथ निजी डेयरियों में दूध सप्लाई करने वाले सभी किसानों से मृत पशुओं के हड्डी, चमड़े जैसे अवशेषों को खरीदने और उन्हें बड़े उद्योगों के बेचने का तंत्र विकसित करने पर भी जोर दिया। इससे निजी डेयरी की ओर जा रहे किसानों को सहकारिता डेयरी से जोड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने राष्ट्रीय डेयरी डवलपमेंट बोर्ड और नाबार्ड को डेयरी क्षेत्र में उपयोग होने वाली सभी मशीनों के शत-प्रतिशत उत्पादन भारत में करने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा।

### सहकारिता संघों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर

उन्होंने कहा कि डेयरी सेक्टर की सभी संभावनाओं को शत-प्रतिशत खोजने के लिए समग्र दृष्टिकोण से काम करना होगा। अमित शाह ने सहकारिता संघों के बीच सहयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया। इसके लिए उन्होंने गुजरात में 93 फीसद सहकारी संस्थाओं के खाते सहकारी बैंकों में खुलने का उदाहरण दिया। पूरे देश में इसे अपनाने से सहकारी बैंक भी मजबूत होंगे।

## तेजस्वी यादव ने बजट को बताया जुमला

# बोले- हमें बिहार की चिंता है, इन लोगों को सरकार बचाने की चिंता

**नई दिल्ली।**

तेजस्वी ने सरकार को घेरने के लिए कई मुद्दे गिनाए। उन्होंने कहा कि 10 साल में किसी भी ब्लॉक में स्टेडियम नहीं बना। बिहार में पुल टूटने का मुद्दा उठाते हुए तेजस्वी ने कहा कि पुल-पुलिया टूटते रहते हैं।

राष्ट्रीय जनता पार्टी के नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने विधानसभा में नीतीश कुमार सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि बजट 3.17 लाख करोड़ रुपये का है, लेकिन राजस्व नहीं आ रहा है। उन्होंने सरकार से पूछा कि बात इतनी तक कैसे पहुंची। उन्होंने इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया बजट भी बताया। तेजस्वी यादव ने तंज भरे लहजे में कहा कि बजट झूठ की सच्चाई से लिखा हुआ है। इन लोगों को सरकार बचाने की चिंता है। तेजस्वी ने सरकार को घेरने के लिए कई मुद्दे गिनाए। उन्होंने कहा कि 10 साल में किसी भी ब्लॉक में स्टेडियम नहीं बना। बिहार में पुल टूटने का मुद्दा उठाते हुए तेजस्वी ने कहा कि पुल-पुलिया टूटते रहते हैं। उन्होंने कहा, "हमें बिहार की चिंता है, इन लोगों को सरकार बचाने की चिंता है।" चूंकि यह बजट विधानसभा चुनाव से पहले का आखिरी बजट था, इसलिए तेजस्वी ने कहा, "ये वे लोग नहीं हैं जो दोबारा सत्ता में आएंगे।" तेजस्वी ने यह भी कहा कि वह माई बहन के तहत 200 यूनिट मुफ्त बिजली और महिलाओं के लिए 2,500 रुपये की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। गौरतलब है कि डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सोमवार को बिहार विधानसभा में राज्य का 3.17 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया. बजट पेश करते हुए चौधरी ने कहा कि कैंसर केयर सोसायटी बनाई जाएगी. उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बेगुसराय में एक कैंसर अस्पताल खोलेगी, क्योंकि सबसे ज्यादा कैंसर मरीज इसी जिले से हैं।



## फिर से लौटेगी ठंडक सक्रिय हो रहा नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस



**नई दिल्ली।**

रिकॉर्ड तोड़ गर्मी वाली फरवरी के बाद मार्च का महीना भी पिछले कुछ साल के मुकाबले ज्यादा गर्म होने का अनुमान को मौसम विभाग ने पहले ही जता दिया था।लेकिन बीते कुछ समय से पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और मैदानी इलाकों में हो रही बारिश से तापमान में गिरावट देखने को मिली है। मौसम विभाग के मुताबिक, एक नया पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय हो रहा है, जो आने वाले दिनों में अपना प्रभाव दिखा सकता है। विभाग ने अनुमान जताया है कि 9 मार्च के लगभग पश्चिमी विक्षोभ का असर पश्चिमी हिमालयी रीजन में देखने को मिल सकता है।

## 'कुछ लोग खुद को ओवर स्मार्ट समझते हैं' समय रैना पर एससी की तल्ख टिप्पणी

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने इंडिया गॉट लेटेंट शो में अभिवावकों के बारे में अश्लील टिप्पणी करने के आरोपी यूट्यूबर रणवीर इलाहाबदिया को सशर्त शो चलाने की इजाजत दे दी है।

रणवीर की ओर से सोमवार को जब स्वयं और 280 अन्य कर्मचारियों की रोजी रोटी की दुहाई देते हुए शो पर लगी रोक हटाने की गुहार लगाई गई, तो कोर्ट ने इजाजत तो दी, लेकिन शर्त लगाई की उसे



अंडरटेकिंग देनी होगी कि शो में शालीनता और नैतिकता के मानकों को बनाए रखा जाएगा।इसके साथ ही कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर हो रही अभद्रता और अश्लीलता पर अंकुश की जरूरत बताते हुए कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी के मौलिक अधिकार के साथ कर्तव्य भी जुड़ा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि हम सेंसरशिप नहीं चाहते लेकिन फ्री फॉर ऑल (खुली छूट) भी नहीं हो सकता। कोर्ट ने केंद्र सरकार से इसके नियमन के उपाय करने और सभी हितधारकों से परामर्श कर एक प्रस्ताव तैयार करने को कहा है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई का दायरा बढ़ा दिया है।

## महिला दिवस पर महिलाएं संभालेंगी पीएम मोदी का सोशल मीडिया अकाउंट

**नई दिल्ली।**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना इंटरनेट मीडिया अकाउंट आधी आबादी को सौंपने का फैसला लिया है। उन्होंने इस बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी।

पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा कि मैं नमो एप ओपन फोरम पर बहुत ही प्रेरणादायक जीवन यात्राएं साझा होते देख रहा हूं, जिसमें से कुछ महिलाओं को आठ मार्च को महिला दिवस पर मेरे डिजिटल इंटरनेट मीडिया अकाउंट्स को संभालने के लिए चुना जाएगा। मैं ऐसी और भी जीवन यात्राएं साझा करने का महिलाओं से अनुरोध करता हूं। पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा था कि ये सफल महिलाएं उनके इंटरनेट मीडिया अकाउंट पर अपने काम और अनुभव के बारे में बात करेंगी।



**एक्स, यूट्यूब और इंस्टाग्राम सहित अन्य प्लेटफार्म पर करोड़ों फालोअर्स के साथ मोदी इंटरनेट मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेताओं में से एक हैं।**

उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की सराहना करते हुए कहा था कि आइए हम महिलाओं की अदम्य भावना का जश्न मनाएं और उसका सम्मान करें। प्रधानमंत्री ने आठ मार्च, 2020 को इसी तरह के एक कदम के तहत अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट अलग-अलग क्षेत्रों की सात अग्रणी महिलाओं को सौंपे थे।

## 'मई में होगी एशियाई शेरों की गणना'

**नई दिल्ली।**

देश में वन्यजीवों की तेजी से बढ़ती आबादी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुशी जताई और कहा है कि यह देश के लिए गर्व का विषय है। इसके साथ ही उन्होंने वन्यजीवों के बेहतर प्रबंधन और मानव के साथ उनके बढ़ते संघर्ष को थामने के लिए देश में एक्सीलेंस सेंटर बनाने का एलान किया है। यह सेंटर तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित सलीम अली पक्षी विज्ञान एवं प्राकृतिक इतिहास केंद्र (एसएसीओएन) में स्थापित होगा। तमिलनाडु को साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यह पीएम की ओर से बड़ा तोहफा मिला है। एशियाई शेरों की गणना की घोषणा यही नहीं, इस दौरान पीएम ने इसी वर्ष मई में एशियाई शेरों की गणना कराने की भी घोषणा की। इससे पहले सुबह मोदी ने गिर में टाइगर सफारी का आनंद लिया। उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि सामूहिक प्रयासों के कारण एशियाई शेरों की जनसंख्या में लगातार वृद्धि हुई है और एशियाई शेरों के आवास को संरक्षित करने में आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों और महिलाओं के योगदान सराहनीय है।



## संपादक की कलम से

### अश्लीलता का कारोबार

हाल ही में यूट्यूब के एक कथित कॉमेडी शो से उठे राष्ट्रव्यापी विवाद के बाद आरोपी यूट्यूबर को गिरफ्तारी से राहत देते वक्त सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणियां की हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में आरोपी से कहा कि उसने अपने दिमाग में भरी गंदगी को उगला है। अदालत ने रणवीर इलाहाबादिया के बयान पर कठोर टिप्पणी करते हुए कहा कि उसकी बातों से बेटियों, बहनों और माता–पिता को भी शर्मिंदगी उठानी पड़ी है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह ने केंद्र सरकार से पूछा कि वह सोशल मीडिया पर अश्लीलता रोकने की योजना बताएं। अन्यथा इस मामले में कोर्ट देखेगा। उल्लेखनीय है कि यूट्यूबर और कॉमेडियन समय रैना के एक शो ह्यइंडियाज गॉट टेलेंटह्ण के एक एपिसोड को लेकर पिछले दिनों खासा विवाद हुआ। जिसको लेकर पूरे देश में तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई। कई राज्यों में अश्लील टिप्पणी करने वाले यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ मामले दर्ज किए गए। दरअसल, रणवीर ने एक प्रतिभागी से उसके माता–पिता के निजी संबंधों को लेकर आपत्तिजनक सवाल किए थे। इस अमर्यादित व अश्लील टिप्पणी को लेकर देशव्यापी आलोचना की जा रही है। कालांतर यूट्यूब को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के नोटिस के बाद इस एपिसोड को हटाना पड़ा था। दरअसल सोशल मीडिया पर ऐसी अश्लील व अभद्र टिप्पणी करने का यह पहला मामला नहीं है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अनाप–शनाप बकने का सिलसिला पिछले लंबे समय से सोशल मीडिया पर चल रहा है। दरअसल, कई कॉमेडियन व कलाकार विभिन्न कार्यक्रमों में ऐसी बकवास करते रहते हैं ताकि उन्हें नकारात्मक चर्चा से व्यापक पहचान मिल सके। लगातार कोशिश होती रहती है कि वर्जित विषयों को कार्यक्रमों में शामिल करके तरह–तरह के विवाद खड़े किए जाएं। दरअसल, टीवी चैनल भी टीआरपी के गंदे खेल में ऐसे हथकंडे अपनाने से नहीं चूकते, जो विवाद पैदा करें। ऐसे कॉमेडी कार्यक्रमों की लंबी शृंखला है जो अश्लीलता, फूहड़ता और अभद्रता को अपने विषय वस्तु बनाते हैं। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर वर्जना तोड़ते कार्यक्रमों की बाढ़ सी आई हुई है। विडंबना यह है कि सोशल मीडिया में संपादक नामक संस्था का कोई स्थान नहीं है। जिसके चलते अभिव्यक्ति की आजादी की दुहाई देकर तमाम वर्जित विषयों व संवादों को तरजीह दी जा रही है। एक हकीकत यह भी है कि अभद्र, अश्लील, आपत्तिजनक और पोर्नोग्राफिक कंटेंट से सोशल मीडिया कंपनियों को भी मुनाफा होता है। कार्रवाई की मांग किए जाने पर ये विदेशी कंपनियां अमेरिकी कानून को अपना कवच बनाने का प्रयास करती हैं।



ललित शर्मा
संपादक

# व्हाइट हाउस में ट्रंप जेंलेस्की की ऑन कैमरा ऐतिहासिक हदें पार भिड़ंत-स्टुपिट प्रेसिडेंट,गेट आउट शब्दों से दुनियाँ स्तब्ध



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के हर देश को अपने देश के नागरिक जीवन को चलाने के लिए अनेक क्षेत्रों में अनेक देशों के सामर्थ्य अनुसार सहयोग पाना बहुतजरूरी होता है जो, आर्थिक सामाजिक स्वास्थ्य सुरक्षा सहयोग वित्त उधार इत्यादि अनेक रूपों में हो सकता है, जिसके लिए उन देशों के प्रमुख या डेलिगेशन का आपस में बैठकर विचार विमर्श कर साइन करना एक सामान्य प्रक्रिया है। जैसे हम एक अंतरराष्ट्रीय मान्यता व्यवस्था या नियमानुसार प्रक्रिया की संज्ञा दे सकते हैं और उच्च स्तरीय मामलों पर एक या अधिक देशों के प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति आपस में बैठकर डील करते हैं जो एक सामान्य बात है, जिसमें एक देश मेजबान होता है और दूसरा एक या अधिक देश मेहमान होते हैं,जिसे हम भारत में अतिथि देवो भव कहते हैं। यानें वह मेहमान हमारे लिए भगवान के बराबर होता है जिसकी हम जी भरकर सेवा करते हैं। यह बातें आज हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि जैसा कि पहले से ही फिक्स था कि यूक्रेन के राष्ट्रपति की शुक्रवार दिनांक 28 फरवरी 2025 को देर रात्रि अमेरिका के राष्ट्रपति से बैठक थी, जिसके जो खनिज संसाधनों पर चर्चा के लिए निश्चित थी परंतु वहां दोनों की बातचीत ऐसे स्तरपर पहुंच गई कि मेजबान-मेहमान की मयार्दा हदें पार कर दी गई, दोनों राष्ट्रपतियों की भिड़ंत ऐसी हुई कि मयार्दा की सभी हदें ऐतिहासिक स्तरपर पार कर दी गई स्टुपिड प्रेसिडेंट व गेट आउट जैसे शब्दों का प्रयोग पूरी दुनियाँ सुनकर स्तब्ध व हैरान रह गई है। मैं भी मीडिया चैनलों पर चल रही पूरी बातचीत जो अंग्रेजी भाषा में चल रही है, सुनकर स्तब्ध रह गया क्योंकि पिछले 45 वर्षों से मैं मीडिया लाइन में हूं तो कभी भी इस तरह काव्यवहार व माहौल नहीं देखा, पूरी दुनियाँ के साथ मैं भी स्तब्ध हूं कि ऐसा कैसे हो सकता है? इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,व्हाइट हाउस में इतिहास में पहली बार हाई वोल्टेज ड्रामा - जेलेस्की व ट्रंप सबके सामने आपस में भिड़े-पूरी दुनियाँ हैरान !दुनियाँ के इतिहास में पहली बार मेजबान व मेहमान राष्ट्रपति ऑन द कैमरा हदें पार शाब्दिक भिड़ंत-मिर्जा गालिब का शेर बहुत बेआबरू होकर तेरे कूचे से निकले सटीक साबित हुआ।

साथियों बात अगर हम अमेरिकी व यूक्रेनी राष्ट्रपति के बीच दिनांक 28 फरवरी 25, 2025 को ऐसी ऐतिहासिक भिड़ंत हो गई जिसकी उम्मीद पूरी दुनियाँ को दूर-दूर तक नहीं थी पूरा विश्व हैरान है ।अमेरिकी राष्ट्रपति और यूक्रेनी राष्ट्रपति के बीच व्हाइट हाउस में जो हुआ, वो वाकई में इतिहास में शायद पहली बार देखने को मिला. ओवल ऑफिस में एक हाई-प्रोफाइल मीटिंग के दौरान ट्रंप और जेलेंस्की के बीच इतनी गरमागरम बहस हुई कि ट्रंप ने जेलेंस्की को कुछ बोलकर बाहर निकाल दिया, ये वाकया इंटरनेशनल मीडिया में तहलका मचा रहा है और दुनियाँ भर से इस पर जबरदस्त रिएक्शन आ रहे हैं ।जेलेंस्की और ट्रंप के बीच ये मुलाकात यूक्रेन में शांति और वहां के खनिज संसाधनों की डील पर चर्चा के लिए रखी गई थी, मीटिंग के दौरान ट्रंप ने जेलेंस्की पर ये दबाव डाला कि वे रूस के साथ




शांति वार्ता करें, जब जेलेंस्की ने कहा कि वे यूक्रेनी हितों के खिलाफ कोई समझौता नहीं करेंगे, तो ट्रंप को गुस्सा आ गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रंप ने जेलेंस्की को स्टुपिड प्रेसिडेंट तक कह दिया? और फिर गुस्से में उन्हें ओवल ऑफिस से गेट आउट कहकर निकाल दिया ? रूसी सरकार और मीडिया ने जेलेंस्की की इस कमी पर खुलकर खुशी जताई? रूस के सरकारी प्रवक्ता ने जेलेंस्की को स्कूमबाग कहा और कहा कि उन्हें वही मिला जो उनके लायक था। रूस के विदेश मंत्री ने ट्रंप की तारीफ करते हुए कहा,कम से कम ट्रंप में इतनी हिम्मत है कि वह अपने पक्ष को स्पष्ट शब्दों में रखते हैं ।ट्रंप का रवैया-समझौता या धमकी ?डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वह यूक्रेन-रूस युद्ध को जल्द से जल्द खत्म करना चाहते हैं, लेकिन उनका मानना है कि जेलेंस्की इस जंग को खींच रहे हैं, ट्रंप ने कहा, यूक्रेन को अब ये समझ जाना चाहिए कि अमेरिका हमेशा उनकी मदद नहीं करेगा. उन्हें शांति की ओर बढ़ना होगा, चाहे वह उनके लिए कितना ही मुश्किल क्यों न हो, ट्रंप का यह बयान अमेरिका की मौजूदा पॉलिसी में बड़े बदलाव का संकेत देता है, इससे पहले जो बाइडेन सरकार यूक्रेन की पूरी मदद कर रही थी, लेकिन ट्रंप की रणनीति बिल्कुल अलग नजर आ रह हैं ।मिर्जा गालिब का एक मशहूर शेर है - बहुत बेआबरू होकर तेरे कूचे से निकले। यूक्रेनी राष्ट्रपति के साथ अमेरिका में कुछ ऐसा ही हुआ। बड़े अरमान लेकर जेलेंस्की ट्रंप से मिलने गए थे, उन्हें उम्मीद थी कि यूक्रेन के लिए अमेरिका कुछ कर देगा, पर हकीकत में यह उनका भ्रम निकला, ट्रंप ने तो जेलेंस्की की सरेआम इंसल्ट कर दी, ट्रंप ने खाना तो छोड़िए, जेलेंस्की को सलाद तक नहीं उठाने दिया? बगैर खाना खिलाए ट्रंप ने जेलेंस्की को वाइट हाउस से चला दिया? तीखी नोकझोंक के बाद राष्ट्रपति जेलेंस्की चाहते थे कि सब ठीक हो जाए, ट्रंप से आगे की बात की जाए, दुनिया को नया संदेश दिया जाए कि ऑल इज वेल,पर ट्रंप कहां मानने वाले थे,उन्होंने साफ-साफ संदेश भिजवा दिया, कह दो जेलेंस्की से कि वो चला जाए ।दरअसल, शुक्रवार की रात में अमेरिका में हाईवोल्डटेज ड्रामा हुआ, ट्रंप और जेलेंस्की सबके सामने आपस में लड़ बैठे। अमेरिका क्या, दुनिया के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ। वाइट हाउस में खूब बवाल हुआ,जेलेंस्की के तेवर और बात से इस कदर ट्रंप भड़क उठे कि वह भूल गए कि जेलेंस्की उनके मेहमान हैं। उन्होंने सबके सामने ही जेलेंस्की को रगड़ दिया. ट्रंप ने तो यूक्रेन को औकात तक दिखा दी ।जेलेंस्की को इतना तक कह दिया कि आप तीसरे विश्व युद्ध का जुआ खेल रहे हैं? बात इतनी बढ़ गई कि अमेरिका के एनएसए को बीच-बचाव करना पड़ा था।

साथियों बात अगर हम इस शाब्दिक जंग व मेहमान नावाजी के अपमान के असर की करें तो,इस पूरी घटना का क्या असरपड़ेगा ? यूक्रेन पर दबाव बढ़ेगा-अमेरिका की इस नई स्थिति के कारण जेलेंस्की को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और संघर्ष करना पड़ सकता है ?रूस को फायदा मिल सकता है, अगर अमेरिका ने यूक्रेन की आर्थिक और सैन्य मदद कम कर दी, तो रूस को अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका मिल सकता है। यूरोपियन यूनियन की भूमिका बढ़ सकती है-अब यूरोप को अपने दम पर यूक्रेन की मदद करनी होगी, क्योंकि अमेरिका पहले जैसा समर्थन नहीं देगा, ट्रंप की विदेश नीति पर सवाल- उनके इस रवैये से दुनियाँ में यह संदेश जा सकता है कि अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ भी सख्ती से पेश आता है?

साथियों बात अगर हम यूक्रेन के राष्ट्रपति के समर्थन में आए यूरोपीय यूनियन सहित अनेक देशों की करें तो जेलेंस्की के सपोर्ट में उतरे देशः ऑस्ट्रिया- चांसलर कार्ल ने हमर ने कहा,यूक्रेन तीन साल से रूस के खिलाफ जंग लड़ रहा है. हमें इस संघर्ष का न्यायपूर्ण और स्थायी समाधान चाहिए, लेकिन रूस ही हमलावर है ।कनाडा- प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जेलेंस्की के समर्थन में कहा, यूक्रेन लोकतंत्र, आजादी और संप्रभुता की लड़ाई लड़ रहा है। हम हमेशा यूक्रेन के साथ खड़े रहेंगे। स्लोवेनिया - राष्ट्रपति नताशा पीरक मुसर ने कहा,आज व्हाइट हाउस में जो हुआ, उसने अंतरराष्ट्रीय कानूनों और कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों को चोट पहुंचाई है। जर्मनी-चांसलर ओलाफ शोल्ज ने कहा,इस युद्ध को सबसे ज्यादा खत्म करना अगर कोई चाहता है, तो वह यूक्रेन ही है ।फ्रांस-राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने जेलेंस्की की सराहना करते हुए कहा,रूस आक्रामक है और यूक्रेन पीड़ित ।हमें इस सच्चाई को कभी नहीं भूलना चाहिए क्ल। यूरोपीय संघ ।यूरोपीय कमीशन प्रेसिडेंट उसुर्ला फॉन डेअर लीयन और यूरोपियन काउंसिल प्रेसिडेंट एंटोनियो कोस्टा ने कहा, यूक्रेनी लोगों की बहादुरी को हम सलाम करते हैं रोमानिया, पोलैंड, इटली, फिनलैंड, स्वीडन, नीदरलैंड, पुर्तगाल, स्पेन समेत कई यूरोपीय देशों ने जेलेंस्की के लिए समर्थन जताया ऐसी खबरें मीडिया में आ रही है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेष लक्षण करें तो हम पाएंगे कि व्हाइट हाउस में ट्रंप जेंलेस्की की ऑन कैमरा ऐतिहासिक हदें पार भिड़ंत-स्टुपिट प्रेसिडेंट,गेट आउट शब्दों से दुनियाँ स्तब्धहुई हैं ।व्हाइट हाउस में इतिहास में पहली बार हाई वोल्टेज ड्रामा - जेलेस्की व ट्रंप सबके सामने आपस में भिड़े-पूरी दुनियाँ हैरान !दुनियाँ के इतिहास में पहली बार मेजबान व मेहमान राष्ट्रपति ऑन द कैमरा हदें पार शाब्दिक भिड़ंत-मिर्जा गालिब का शेर बहुत बेआबरू होकर तेरे कूचे से निकले सटीक साबित।

## उदय किशोर साह



### इन्सान की फितरत

कविता

इन्सान कितना गिर गया
इसकी तो फितरत देखो
जाति धर्म में बँट गया
इसकी तो हसरत देखो

मानवता अब लुप्त हो गई
अमानवता की ज्ञान उपजा
सच्चाई पत्थर हो गई
बेईमानों का नाम है ऊँचा

लुप्त हो गई वेदों का मान
राक्षसी प्रवृति की आगाज हुई
मित्र भाव का मान घटा
झुठे की प्रवृति का आभास हुई

बेईमानी की सज गई बाजार
ईमान बेचारा अब मौन . हुआ
अज्ञानी की लम्बी लगी कतार
ज्ञानी बेचारा अब गौण हुआ


अश्लीलता की बह रही बयार
शालीनता शैय्या पे कराह रही
संस्कृति कर रही है गुहार
आ गई बेचारी की कमजोर घड़ी

महफिल सज गई है फैशन की
फुहड़ता ने ली है अंगड़ाई
छोटी परिधान ले ली हैं टैशंन
कैसी जग में रोशनी है छाई

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# मौन का कवच



विजय गर्ग

वेलकम इंडिया

जीवन सम-विषम परिस्थितियों की एक सततवाहिनी सरिता है । परिस्थितियां अपने साथ अनुकूलता और प्रतिकूलता के संगम को सदा समाहित किए रहती हैं। अक्सर जीवन में ऐसे क्षण आते हैं, जब हमें परिस्थितियों के कठोर आघात का सामना करना पड़ता है। इन आघातों से स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए हमारे पास एक प्रकृति प्रदत्त और उत्कृष्टतम सुरक्षा कवच सदैव विद्यमान रहता है ।इस अमूल्य और अभेद्य कवच का नाम है- मौन ।मौन हमारे और बाह्य प्रतिकूल दशाओं के मध्य एक ढाल बनकर जमा रहता है ।लेकिन मौन आखिरकार है क्या ? मौन का अर्थ समझने के लिए हमें इसकी गूढ़ता पर दृष्टिपात करने का प्रयास करना होगा ।मौन का सीधा-सा अर्थ है- शब्दों, गतिविधियों, क्रियाओं और विचारों का संतुलन। जब हम इन सभी की मापनी पर खुद को शून्य की स्थिति में स्थिर कर पाने में सक्षम और समर्थ हो जाते हैं, तभी यह कहा जा सकता है कि हम मौन को साथ लिया है। चुप रहने या न बोलने को ही मौन की संज्ञा दे देना एक सतही बात होगी ।

हम कल्पना करें कि कोई विकट परिस्थिति हमसे टकरा रही है और ऐसी दशा में अगर हम प्रतिक्रिया के पैमाने पर खुद को शून्य की स्थिति पर दृढ़तापूर्वक जमाए रखने में सफल हो जाते हैं, तो निस्संदेह हम मौन के सच्चे साधक हैं। लेकिन अगर परिस्थितियों का यही झोंका हमें प्रतिक्रियाओं के लिए विवश कर देता है, तब फिर इसका सीधा सा अर्थ है कि हम अभी मौन से अपरिचित हैं। परिस्थितियों का तो कहना ही क्या, उनके इतने प्रकार और भेद हैं कि गणना करना मुश्किल होगा। ये बाह्य वातावरण से भी उत्पन्न होती हैं और हमारे अंतर्मन के भीतर भी इनके सृजन की घटना संपन्न होती है। इस बात से लेशमात्र भी फर्क नहीं पड़ता कि परिस्थिति आंतरिक है या बाह्य, हमारे अनुकूल है या प्रतिकूल । सीधा-सा मापदंड यही है कि अगर परिस्थिति के जन्म लेने और हमारे साथ संघट्ट करने पर हमारी ओर से प्रतिक्रिया व्यक्त हुई, तो फिर हम मौन से पूर्णतया अनभिज्ञ हैं और अगर नहीं हुई तो कहीं न कहीं हमारे द्वारा मौन की ओर उन्मुख होने का प्रयास किया गया है।

मौन किसी भी प्रकार की परिस्थिति से सुरक्षा के लिए एक सर्वोत्तम कवच की भूमिका अदा करता है ।मौन के माध्यम से हम अपने अंतस में व्याप्त कोलाहल को नियंत्रित करके उसे आत्मिक शांति में रूपांतरित कर सकते हैं। आंतरिक और बाह्य विक्षोभों से अपने अंतर्मन को बचाने का एकमात्र साधन मौन है। इसके माध्यम से हम अपने हृदय में प्रवाहित होने वाली भावनाओं के उस महासागर को नियंत्रित कर सकते हैं, जिसके अनियंत्रित होने की दशा में हमारा संपूर्ण संतुलन ही प्रभावित हो सकता है। अंतर्मन की स्थिरता को प्राप्त करने के लिए यह परम आवश्यक है कि परिस्थितियों का आवेग उस पर आक्रमण न करने पाए। मगर यह भी एक कटु सत्य है कि आक्रांता को आक्रमण करने से रोकना एक दुस्साध्य कार्य है। ऐसी दशा में एक बेहतर विकल्प के रूप में स्वयं को एक सुरक्षा कवच अवश्य पहनाया जा सकता ।परिस्थितियों के आक्रमण से सुरक्षा के लिए मौन ही सर्वोत्तम कवच है। हमारा प्रयास यह होना चाहिए कि हम बुरी और अच्छी, दोनों तरह की दशाओं में स्वयं को मौन के माध्यम से संतुलित रखें, क्योंकि आवश्यकता से अधिक अनुकूलता भी हमारे लिए नुकसानदेह है और आवश्यकता से अधिक प्रतिकूलता भी ।

एक अन्य लाभ यह है कि मौन का कवच पहनकर हम परिस्थितियों से अपना ध्यान हटा सकते हैं। अब वही ध्यान हम आत्मपरिष्करण, आत्मपरिमार्जन और आत्मशुद्धि की ओर केंद्रित कर सकते हैं। अहंकार जैसे दुर्गुणों से मुक्ति मौन के माध्यम से ही संभव है। इसके आगोश में जाकर हम अपने अंदर सद्गुणों और आत्मज्ञान के अंकुर को प्रस्फुटित होने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। अनेक रहस्यपूर्ण प्रश्नों का उत्तर भी मौन का कवच धारण करने के उपरांत ही खोजा जा सकता है। किसी युद्ध को उस स्थिति में भी जीता जा सकता है, जबकि आक्रमणकर्ता का कोई वार हम पर कोई असर न कर सके। ऐसा तभी संभव है, जब हम कोई सुरक्षा कवच धारण करके ही रणक्षेत्र में उतरे हों ।परिस्थितियों के विरुद्ध युद्ध में मौन ही हमारा सुरक्षा कवच होता है। इसके माध्यम से हम अपने मन मस्तिष्क को नकारात्मकता की चपेट में आने से बचा सकते हैं। यह ध्यान के लिए एक अनिवार्य शर्त है और ध्यान स्वयं को अनंत ऊर्जा से जोड़ने के लिए। आत्मसाक्षात्कार मौन के माध्यम से ही संभव है, लेकिन मौन की अवस्था को प्राप्त करना भी कोई सहज कार्य नहीं है।

हम कल्पना कर सकते हैं कि हमें कोई गहरा जख्म देने के उपरांत हमारा मुंह कसकर दबा दिया जाए, ताकि हमारी चीख बाहर न आ सके, तो क्या यह कहा जाएगा कि हमने मौन धारण कर लिया ? चुप किए जाने के और भी तरीके हो सकते हैं। मौन तब होगा, जब हमारा ध्यान उस कष्ट की ओर से हट जाए। परिस्थितियों की ओर से अपना ध्यान ऐसे हटाना कि वे हमसे किसी भी कीमत पर कोई प्रतिक्रिया कराने में सफल न हो सकें, यही मौन की वास्तविक संकल्पना है ।मौन का अभ्यास करके ही हम स्वयं को प्रकृति के अनूठे सौंदर्य और शक्तियों से जोड़ सकते हैं। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो मौन ही वह साधन है, जिसके द्वारा आत्मा का परमात्मा से मिलन कराया जा सकता है। मौन के कवच को धारण करके ही जीवन को शांति के मार्ग की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित कर पाना संभव है।

# बच्चों में बढ़ता डिप्रेशनः क्या खराब पेरेंटिंग है जिम्मेदार?



विजय गर्ग

वेलकम इंडिया

आज की युवा पीढ़ी एक अजीब सी मानसिक उलझन में फंसी हुई है। एक ओर वे अपने करियर को लेकर अत्यधिक चिंतित हैं, तो दूसरी ओर उनका झुकाव भौतिकतावादी जीवनशैली की ओर बढ़ता जा रहा है। माता-पिता और बच्चों के बीच की दूरी बढ़ रही है, जिसके चलते बच्चे सही मार्गदर्शन से वंचित रह जाते हैं। नैतिक मूल्यों में गिरावट, बड़ों का सम्मान न करना, नाइट कल्चर को अपनाना, व्यवहारिक ज्ञान की कमी ये सभी समस्याएं कहीं न कहीं हमारे पेरेंटिंग के ढांचे पर सवाल उठाती हैं। करियर की चिंता, पैसे का आकर्षण आज का युवा अपने भविष्य को लेकर असुरक्षित है। करियर बनाने की दौड़ में वे मानसिक महसूस करता दबाव में रहते हैं, और इसी तनाव के कारण वे अवसाद ( डिप्रेशन ) का शिकार हो रहे हैं। माता-पिता भी इस स्थिति को समझने के बजाय, बच्चों को केवल आर्थिक सहायता देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं। हालांकि, पैसों की आपूर्ति से जीवन तो चल सकता है, परंतु सही मार्गदर्शन और भावनात्मक सहयोग न मिलने से बच्चे अकेलापन महसूस करने लगते हैं। बच्चों में व्यवहारिक ज्ञान की कमी स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। वे सामाजिक संबंधों को समझने में असमर्थ हो रहे हैं, आत्मकेंद्रित हो गए हैं, और केवल अपने फायदे को प्राथमिकता देने लगे हैं। इसका एक मुख्य कारण यह भी है कि माता-पिता स्वयं भी बच्चों के साथ कम समय बिताते हैं और उन्हें नैतिक मूल्यों की शिक्षा नहीं दे पाते। नतीजा यह होता है कि बच्चे बड़ों का सम्मान नहीं करते, अनुशासनहीन हो जाते हैं, और अपनी इच्छाओं को ही सर्वोपरि मानने लगते हैं। परिवार में बढ़ती दूरी

माता-पिता और बच्चों के बीच बढ़ती दूरी के कारण पारिवारिक संबंधों में दूरियां बढ़ रही हैं। पहले जहां संयुक्त परिवारों में बच्चों को दादा-दादी, चाचा- चाची से भी सीखने का अवसर मिलता था, वहीं आज एकल परिवारों में माता-पिता अपने करियर और निजी जीवन में इतने व्यस्त हो गए हैं कि बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाते। इस वजह से बच्चों में भावनात्मक अस्थिरता बढ़ रही है और वे सोशल मीडिया, दोस्तों, या अन्य बाहरी साधनों से अपना मानसिक सहारा खोजने लगते हैं, जो हमेशा सही दिशा में नहीं होता।

आजकल नाइट कल्चर का प्रभाव बढ़ रहा है। देर रात तक बाहर रहना, अनावश्यक पार्टी करना, इंटरनेट और सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताना बच्चों की मानसिक और शारीरिक सेहत पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। माता-पिता इस पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे, क्योंकि वे या तो अधिक लिबरल बनना चाहते हैं या फिर अपनी व्यस्तता के कारण इस पर ध्यान नहीं देते। इससे बच्चों में अनुशासन की भावना कम होती जा रही है, जो अवसाद और तनाव को और बढ़ाने का काम कर रही है। अब यहां प्रश्न यह उठता है कि इन तमाम समस्याओं से निजात पाने के लिए क्या कर सकते हैं।

सिर्फ पैसों से ही बच्चों की जरूरतें पूरी नहीं होतीं, उन्हें माता-पिता का समय और प्यार भी चाहिए। उनके साथ नियमित रूप से बातचीत करें और उनकी समस्याओं को समझने की कोशिश करें।

करियर और पैसे की अहमियत समझाना जरूरी है, लेकिन इसके साथ-साथ नैतिकता और जीवन मूल्यों का ज्ञान देना भी आवश्यक है। व्यावहारिक शिक्षा दें

बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान भी दें। उन्हें सिखाएं कि कैसे दूसरों के साथ व्यवहार करना चाहिए और समाज में अच्छे संबंध कैसे बनाए रखें।

# वृन्दावन में 04 से 13 मार्च पर्यन्त आयोजित होगा तृतीय अंतर्राष्ट्रीय योग उत्सव

## परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज (मुनीजी) होंगे शामिल

**वेलकम इंडिया**



**वृन्दावन।** कात्यायनी मंदिर रोड़ (निकट नगर निगम चौराहा) स्थित लक्ष्मण शहीद भवन में परमार्थ निकेतन (ऋषिकेश) के सहयोग से वृंदा फाउंडेशन ट्रस्ट और हरिहर योग, निमाई पाठशाला के संयुक्त तत्वावधान में तृतीय अंतर्राष्ट्रीय योग उत्सव दिनांक 04 से 13 मार्च 2025 पर्यन्त बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है।

जानकारी देते हुए कार्यक्रम की संरक्षक व वृंदा फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. मेघना चौधरी ने बताया है कि योग उत्सव के अंतर्गत 04 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजे नगर निगम चौराहा वृन्दावन पर सन 1942 के ?भारत छोड़ो आंदोलन? के शहीद लक्ष्मण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर मथुरा जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजनों का स्वागत सम्मान किया जाएगा।साथ ही शहीद लक्ष्मण भवन के सभागृह में कान्हा माखन पब्लिक स्कूल मथुरा के विद्यार्थियों द्वारा प्रयास संस्था के सहयोग से शहीद लक्ष्मण सिंह के ऊपर नाटक का मंचन किया जाएगा। इसके अलावा श्रीभागवतजी का मूल पाठ, ब्रज की सेवा करने वाले महानुभावों का सम्मान आदि के कार्यक्रम होंगे।

उन्होंने बताया कि उत्सव पर्यन्त नित्य प्रातः 06 बजे से योगा सत्र प्रारंभ हुआ करेगा।जिसमें रजिस्ट्रेशन हेतु 06 देशों के प्रतिनिधियों ने अपना नाम दर्ज करा लिया है। प्रतिदिन 400 से 500 ब्रजवासी भी योग से लाभान्वित हुआ करेंगे।प्रातः 08 बजे के बाद योग के टेक्निकल सत्र चला करेंगे।सांय सत्र में 04 से 10 मार्च 2025 तक 04 बजे से 07 बजे तक प्रख्यात भागवताचार्य पुंडरीक गोस्वामी महाराज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का रसास्वादन कराया जाएगा।

डॉ. मेघना चौधरी ने बताया कि समारोह में 08 मार्च 2025 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 11 वंदनीय मातृ शक्तियों का विशेष रूप से सम्मान किया जाएगा।साथ ही 08 से 09 मार्च 2025 तक बंगलुरू की इंटरनेशनल सोसायटी फॉर जीन की अध्यक्ष डॉ. सुनीता राणा द्वारा हेल्थ जीन कैंप, 12 व 13 मार्च 2025 तक मेट्रो हॉस्पिटल एवं डॉ. वर्तिका द्वारा मेडिकल कैंप लगाए जाएंगे।इसके अलावा प्रतिदिन सांय 07 बजे के बाद भजन संध्या, कवि सम्मेलन, वेटरन स्पोर्ट पर्सन मीट जैसे सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।इसके अलावा 11 से 13 मार्च तक सायं 4 से 7 बजे तक प्रख्यात संत तुलसीपीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य महाराज अपनी सरस वाणी में श्रीमद्भागवत कथा कहेंगे।

# केएमयू के कृदय-2025 के समापन पर हेमंत बृजवासी के सुरों ने बांधा समां

**मथुरा।** केएम यूनीवर्सिटी के वार्षिकोत्सव कृदय-2025 की आखिरी नाइट, प्राइम नाइट का आयोजन किया गया।इसमें मशहूर सिंगर हेमंत बृजवासी को बुलाया गया था, हेमंत के गानों पर जूनियर व सीनियर डॉक्टर सहित एमबीबीएस बैच के छात्र-छात्राएं जमकर थिरकते नजर आए, हेमंत बृजवासी ने समापन के दौरान समा बांध दिया। विवि के छात्रों व डाक्टर्स ने भी इस दिन को यादगार बनाने के लिए दोस्तों के साथ खूब डांस किया।

कृदय-2025 में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह चौधरी एवं विधायक गोवर्धन ठाकुर मेघश्याम सिंह, विधायक बलदेव पूरन प्रकाश सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी के शिक्षा क्षेत्र में कराये गए कार्यों की प्रशंसा और मेडीकल कालेज के छात्रों द्वारा किए गए कार्यक्रम की जमकर प्रशंसा की।

# जनता दरबार में12 शिकायतें हुई दर्ज

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील सभागार में जनता दरबार आयोजित हुआ।जनता दरबार में जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान के निर्देश दिए।इस दौरान दूरदराज क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा 12 मुख्य समस्याएं और शिकायतें दर्ज हुई।

जिसमें जिलाधिकारी द्वारा अधिकांश शिकायतों एवं समस्याओं को मौके पर ही निस्तारण किया गया। जबकि शेष समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जनता दरबार में आर्थिक सहायता की मांग, पुलिस ज्यादती की शिकायत की, आपदा में घर खोने के बाद विस्थापन की मांग, भूमि विक्रय की जांच, जल संस्थान के खिलाफ पानी की कमी की शिकायत, भूमि निरीक्षण और उचित जांच की मांग और कमलेश सिंह परिहार ने दुर्घटना के बाद पुलिस द्वारा शिकायत न दर्ज की समस्या उठाई गई। जिलाधिकारी ने एसडीएम को भूमि मसलों की शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य सभी शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को एक पक्ष में निस्तारण करने के निर्देश देते हुए निस्तारण की सूचना सम्बंधित शिकायतकर्ता को भी देने को कहा।

उसके उपरांत जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों एवं अन्य लोगों को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ दिलाई और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

जनता दरबार में सीडीओ आरसी तिवारी, सीईओ जेएस सौंन, डीडीओ संगीता आर्या जिला समाज कल्याण अधिकारी जसमीत कौर, जलनिगम ईई वी के रवि, जलसंस्थान ईई सीएस देवड़ी, जिला सेवायोजन अधिकारी प्रवीण चंद्र गोस्वामी, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार बर्मन सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# भोगीपुर प्रधानाचार्य के असामयिक निधन पर शोक की लहर



**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने पंडित दया शंकर चौबे इंटर कालेज भोगीपुर के प्रधानाचार्य/ केंद्र व्यवस्थापक भवनाथ पांडेय के आकस्मिक निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर छा गई है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा है कि हमने अपना एक सच्चा साथी खो दिया। शिक्षा जगत में उनकी कमी सदैव खलेगी। स्वर्गीय श्री पांडेय विद्वता व विनम्रता की प्रतिमूर्ति थे। वे आज प्रातः आयोजित परीक्षा की तैयारी में लगे थे। उनका आज समय जाना बहुत आकर रहा है। उनके नेतृत्व में भोगीपुर विद्यालय बहुत तरक्की किया है। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक व जिला उपाध्यक्ष मंगला प्रसाद ने बताया कि स्वर्गीय श्री पांडेय बीतीरात बस्ती में आयोजित एक पारिवारिक वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हुए थे। रात में ही वापस आने के बाद देइसांड स्थित आवास पर अचानक सीने में दर्द हुआ, परिजन उन्हें बस्ती कैली हॉस्पिटल ले गए, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वे इसी वर्ष 31 मार्च को सेवानिवृत होने वाले थे। उनके निधन से विद्यालय की बहुत क्षति हुई है. जिसकी भरपाई कर पाना मुश्किल होगा। उनके निधन पर जिला अध्यक्ष महेश राम, गिरजानंद यादव, मोहिबुल्लाह खान, मंगला प्रसाद चतुर्वेदी, राहुल कुमार, राघवेंद्र द्विवेदी, मुनीर आलम, मुजीबल्लाह खान, विनोद उपाध्याय, अवधराज, राकेश सिंह, अमरेश चतुर्वेदी सहित अनेक लोगों ने गहरा दुख व्यक्ति किया है।

# डीएम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा लोन का हुआ आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा लोन मेला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी द्वारा 20 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने सीएम युवा उद्यमी ऋण प्राप्त करने वाले युवा उद्यमियों को पूरी निष्ठा, लगन एवं ईमानदारी के साथ उद्यम करने एवं ऋण धनराशि की अदायगी समय से करने हेतु प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने सम्बंधित बैंकर्स/बैंक अधिकारी को निर्देशित किया कि इस मेलें में सभी पेंडिग लोन दो दिन में स्वीकृति करते हुए ऋण वितरित कर दिया जाये। डीजीएम आनन्द कुमार द्वारा सीएम युवा लोन के बारे में विस्तृत जानकारी आवेदकों को दिया गया एवं आवेदकों की समस्याओं को भी सुना गया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा एजीएम बृजेश कुमार, एलडीएम पवन कुमार सिन्हा सहित सम्बंधित अधिकारी, बैंकर्स एवं युवा उद्यमी आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लेकर हुई एक दिवसीय कार्यशाला

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में सोमवार को यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। तहसील सभागार में आयोजित कार्यशाला में यूसीसी पोर्टल में पंजीकरण कराने की प्रक्रियाओं एवं योग्यता पर प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें सभी अधिकारियों को अपने विभागीय कर्मचारियों का यूसीसी पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने यूसीसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह समाज में समानता और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यूसीसी के तहत विवाह पंजीकरण अनिवार्य होगा, जिससे विवाह संबंधी विवादों में कमी आएगी और कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

यूसीसी में तलाक और गुजारा भत्ता के मामलों में सभी नागरिकों के लिए समान कानून लागू किया गया है। जिससे न्याय प्रक्रिया में पारदर्शिता और समानता आएगी। महिलाओं और पुरुषों को संपत्ति में समान अधिकार प्रदान करने के साथ ही लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा। यूसीसी के तहत सभी धर्मों के लोग बच्चों को गोद ले सकेंगे, जिससे अनाथ बच्चों को परिवार का स्नेह और सुरक्षा मिल सकेगी।

लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों के लिए पंजीकरण अनिवार्य होगा, जिससे उनके कानूनी अधिकारों की सुरक्षा हो सकेगी। यूसीसी पोर्टल में नागरिकों को इन सभी सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन और पंजीकरण की सुविधा प्रदान की है, जिससे सरकारी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और गति आएगी। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे यूसीसी पोर्टल पर पंजीकरण कराकर अपने कानूनी अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित करें और समाज में समानता और न्याय की स्थापना में सहयोग करें। बैठक में सीडीओ आरसी तिवारी तथा अन्य समस्त विभागों के कार्यालयध्यक्ष मौजूद रहे।

# भागवत पीठ में 20 वां फाग महोत्सव 5 मार्च को



**वृन्दावन।** बुर्जा रोड़ स्थित भागवत पीठ में सत्य सनातन सेवार्थ संस्थान (रजि.) के तत्वावधान में 20 वां फाग महोत्सव 5 मार्च 2025 को सायं 05 बजे से अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि विगत वर्षों की भांति भागवत पीठ में आचार्य/भागवत पीठाधीश्वर, भागवत प्रभाकर मारुति नंदनाचार्य ?वागीश जी? महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले इस फाग महोत्सव में प्रख्यात भजन गायकों के द्वारा होली से सम्बन्धित पदों, भजनों व रसियों का सुमधुर गायन किया जाएगा।साथ ही फूलों की होली का विशेष मंचन होगा।जिसमें विशिष्ट संत, धमार्चार्य व गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे। संयोजक युवराज श्रीधराचार्य महाराज ने समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं से इस महोत्सव में शामिल होने का आग्रह किया है।

# पाँच साल की सदफ नाज ने रखा जिंदगी का पहला रोजा



**संतकबीरनगर।** खुदा की इबादत का पाक महीना रमजान शुरू हो चुका है. रमजान के इस पाक महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे महीने रोजा रखते हैं. रमजान के इस पवित्र महीने में ब्लॉक क्षेत्र बिगरा अव्वल की रहने वाली सदफ नाज ने भी पहला रोजा रखा है.सदफ नाज की उम्र महज पांच साल है. इतनी कम उम्र होने के बाद भी सदफ नाज ने बड़ी सिदत्त के साथ पहला रोजा रखा.रोजे के दौरान खुदा से इबादत कर घर परिवार, देश और दुनिया में अम्न शांति की कामना की.सदफ नाज के पिता खालिद हुसैन कहते हैं कि जिस तरह से बड़े रोजा रखते हैं और इबादत करते हैं उसी तरह से सदफ नाज ने भी पहला रोजा रख खुदा की इबादत की है। पिता खालिद हुसैन और मां नाजरीन बेटी की इबादत से काफी खुश हैं.परिवार का कहना है कि सदफ नाज ने उनसे जिद करते हुए कहा कि वो भी माहे रमजान में पहला रोजा रखेंगी.परिवार वाले पहले तो खुश हुए फिर बच्ची की छोटी उम्र को देखते हुए परेशान भी हुए कि कहीं बच्ची को कोई दिक्कत न हो।घरवालों ने दी इजाजतःपरिवार वालों ने पहले तो गर्मी के मौसम को देखते उसे समझाया, पर जब बेटी हानिया नहीं मानी तो परिवार वालों ने उसे पहला रोजा रखने की इजाजत दे दी.अम्मी और अब्बू से रोजे रखने की इजाजत मिलते ही सदफ नाज की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

# छःवर्षीय जैद अहमद ने रखा पहला रोजा



**संतकबीरनगर।** रमजान मुबारक खुद को खुदा की राह में समर्पित कर देने का महीना है।रमजान माह में बिगरा अव्वल निवासी हलीमुल्लाह कासमी के पुत्र छःवर्षीय मासूम जैद अहमद रमजान का पहला रोजा रखा।जैद पिछले कई महीने से रमजानुल मुबारक के महीने का बेसब्री से इंतजार कर रहा था। रोजा रखने के साथ-साथ जैद अहमद मस्जिद जाकर अपने वालिद के साथ नमाज भी अदा करता है।जैद अहमद ने बताया कि खुदा की खुशनूदी हासिल करने के लिए भूख और प्यास को बर्दाश्त किया। उसके रोजा रखने पर रमजान के महीने घर में खुशी का माहौल है। जैद अहमद के रोजा रखने पर घर में खास पकवान तैयार किए गए। इसके अलावा भी सेमरियावां क्षेत्र में ऐसे अनेक बच्चे हैं, जिन्होंने जिंदगी का पहला रोजा रखा और दिनभर इबादत भी की। ये बच्चे नमाज पढ़ने के साथ ही कुरआन की तिलावत भी कर रहे हैं।

# गीतांजलि काव्य प्रसार मंच की वासंती पर्व काव्य गोष्ठी संपन्न

**वेलकम इंडिया**



**नई दिल्ली।** राजधानी की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था गीतांजलि काव्य प्रसार मंच के तत्वावधान में वासंती पर्व काव्य गोष्ठी आयोजित की गई।

गीतांजलि काव्य प्रसार मंच की अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार, सोशल एक्टिविस्ट डॉ.गीतांजलि नीरज अरोड़ा गीत' के द्वारा इंद्रप्रस्थ पार्क में आयोजित काव्य गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में देवेंद्र प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे एवं अध्यक्षता मंच के संरक्षक एवं टू मीडिया के संपादक डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति ने की।

गोष्ठी की संयोजक डॉ.कामना मिश्रा के शानदार ओर मनमोहक संचालन ने गोष्ठी के चार चांद लगा दिए। गोष्ठी का शुभारंभ बाल रचनाकार गुंजन अग्रवाल ने मां सरस्वती की पूजा ओर अपनी रचना की प्रस्तुति कर के किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेन्द्र कुमार शर्मा ने अपने मंतव्य में कहा कि साहित्य समाज की आत्मा है और ऐसे आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है।अध्यक्षता कर रहे ओमप्रकाश प्रजापति ने भी संस्था द्वारा साहित्यिक क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

काव्य गोष्ठी में गुंजन अग्रवाल, ईशा भारद्वाज, सुश्री रानी, अंकुश पांडे, सरिता विजय शर्मा, नीलम गुप्ता, रजनी बाला, पुनीता सिंह, अर्चना झा, मंजू कुशवाहा, नेहा जैन, दीपिका वल्दिया, संगीता वर्मा , सुकृति श्रीवास्तव, डॉ. सरिता गर्ग सरि, वैभवी मिश्रा, शशि किरण श्रीवास्तव, डॉ.कामना मिश्रा, डॉ.दीपा, पूजा श्रीवास्तव, अंजना जैन, डॉ. सत्यम भास्कर, देवेंद्र प्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश प्रजापति, एकता, रितु रस्तोगी, सुनीता अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, विकास अग्रवाल ने वसंत ऋतु के सौंदर्य, जीवन के विविध पहलुओं और समाज की वर्तमान स्थिति पर आधारित एक से बढ़कर एक बेहतरीन रचनाओं की शानदार प्रस्तुति दे कर काव्य के रंग बिखेरे।

इस अवसर पर मंच की अध्यक्ष डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा ने कार्यक्रम संयोजिका डॉ.कामना मिश्रा पुष्पहार, अंगवस्त्र ,सम्मान पत्र प्रदान कर काव्य शिरोमणी सम्मान से सम्मानित किया।अंत में आयोजिका डॉ. गीतांजलि अरोड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# ससुराल एवं मायका पक्ष ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाकर कराया मुकदमा दर्ज पुलिस मामले की जांच में जुटी

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पैगम्बरपुर में ससुरालियों के साथ की गई मारपीट। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजयपाल सिंह पुत्र मंगल सेन निवासी गांव भवीगढ़ थाना बरला जिला अलीगढ़ ने बताया है कि मेरी दो पुत्री गुड्डी एवं पिंकी की शादी करीब 10 वर्ष पूर्व सुभाष व वीरेंद्र पुत्र गण जग्गी सिंह निवासी गांव पैगंबरपुर थाना अहमदगढ़ के साथ हुई थी यह लोग काफी दिन तक गुरुग्राम हरियाणा में रहकर कुछ काम करते थे लेकिन कुछ समय बीतने के बाद गुरुग्राम से दोनों भाई अपने गांव लौट आए और मेरी दोनों पुत्रियों को वहीं छोड़ आए और जब मुझे पता चला कि यह लोग गांव में अपनी पैतृक जमीन बेच रहे हैं तो मैं 21फरवरी को अपनी दोनों पुत्रियों व अपने पुत्रों के साथ गांव में समझाने के लिए पहुंचा तो पहले से ही घात लगाए बैठे लोगों ने मेरे पुत्र वह मेरे ऊपर उन लोगों ने लाठी डंडों से प्रहार कर दिया जिससे हम लोगों के गंभीर चोट आई थी थाना पुलिस ने हम लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया था जिसमें कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

उधर थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक ने बताया है कि सुसराल पक्ष के लोगों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस इस पूरे मामले में गंभीरता से जांच पड़ताल में जुटी है।

# त्यौहारों के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

**वेलकम इंडिया**



**बेलहर संतकबीरनगर।** बेलहर थाना परिसर में होली और रमजान त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से बेलहर थाना में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत समेत अनेक सामाजिक संगठनों और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक की अध्यक्षता बेलहर थाना प्रभारी रजनीश राय ने की, उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि होली के दौरान शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

थाना प्रभारी रजनीश राय ने बताया कि शासन द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार मनाए त्यौहार उन्होंने

दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देशः

1. शराब और हुड़दंग पर सख्ती झ सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और जबरन रंग लगाने जैसी गतिविधियों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

2. ड्रोन से निगरानी झ संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस ड्रोन कैमरों की मदद से निगरानी करेगी।

3. संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बल झ संभावित संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा।

4. धार्मिक स्थलों की सुरक्षा झ किसी भी तरह की अफवाह या अप्रिय घटना को रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाएगी।

5. डीजे और ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण झ ध्वनि सीमा का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

6. सोशल मीडिया मॉनिटरिंग झ अफवाह फैलाने वालों पर साइबर सेल की विशेष नजर रहेगी।

# हमारा गांव, हमारे बच्चे उत्सव बीआरसी पर संपन्न



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र सेमरियावां पर हमारा आंगन ,हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता आशीष कुमार सिंह और संचालन जफीर अली ने किया।

कार्यकम कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं सबीता, चांदनी, प्रीति, आकांक्षा ,निशा गुप्ता के सरस्वती बंदना एवं स्वागत गीत से शुरू हुआ।अतिथि सरोज यादव ने आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत बच्चों की बेहतर शिक्षा दीक्षा पर रोशनी डाली।आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश हेतु सेवित बस्ती में घर घर संपर्क करें। प्रवेश में वृद्धि करें। खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने विद्यालय स्तर पर कक्षा एक दो और आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया।छोटे छोटे बच्चे उत्साह पाकर काफी खुश हुए।

इस अवसर ब्लॉक के सभी न्याय पंचायत के नोडल संकुल जफीर अली, विनोद यादव, अजीत सिंह, प्रताप सिंह नागवंशी, मनोज कुमार, रवि चंद, मो इरफान, आशीष शुक्ला, आशीष कुमार, राम निवास, हिमांशु पांडेय, धर्मेंद्र चौधरी, प्रेम शंकर, अमित कुमार, अंजुम आदिशिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका मौजूद रहीं।

# मेडिकल छात्र-छात्रा को कमरे में पकड़ा, बवाल के बाद मारपीट

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** बरेली के बीसलपुर रोड स्थित बीडीए कॉलोनी में रविवार रात मेडिकल कॉलेज के एक छात्र और छात्रा को एक कमरे में पाए जाने पर हंगामा खड़ा हो गया। इसको लेकर जब हिंदू संगठन व लोगों ने नाराजगी जताई तो मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना मिलने पर बारादरी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। लेकिन इसके बाद माहौल और भड़क गया। इसी बीच, कुछ लोगों ने वहीं पास में दूसरे मकान में रह रहे अन्य मेडिकल छात्रों पर भी हमला कर दिया। डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर कई छात्रों को घायल कर दिया गया। पुलिस को दोबारा मौके पर पहुंचकर स्थिति को काबू में लाना पड़ा। आपको बता दें कि रविवार रात करीब 8 बजे किसी ने बारादरी थाना पुलिस को फोन कर एक मकान में लड़का-लड़की के संदिग्ध रूप से मौजूद होने की सूचना दी। सूचना पर तुरंत थाना बारादरी और रुहेलखंड चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और देखा कि कमरे में एक युवक और युवती मौजूद थे। पूछताछ में पता चला कि दोनों शहर के एक निजी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। पुलिस ने हंगामे को बढ़ने से रोकने के लिए दोनों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया, लेकिन कॉलोनी के लोग शांत नहीं हुए। भीड़ ने वहीं पास में रह रहे अन्य छात्रों पर भी आरोप लगाए कि वे भी लड़कियों को अपने कमरे में बुलाते हैं। मेडिकल छात्रों ने जब इस आरोप का विरोध किया तो कुछ स्थानीय लोगों ने उन पर हमला बोल दिया। डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर कई छात्रों को घायल कर दिया गया। जब पुलिस को दोबारा घटना की सूचना मिली तो तुरंत रुहेलखंड चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला। पुलिस के पूछने पर हमले का शिकार बने छात्रों ने बताया कि उनका पकड़े गए लड़का-लड़की से कोई लेना-देना नहीं था। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को समझाकर मामला शांत कराया।

## पूर्व मंत्री के नाती पर भी हुआ हमला

जिस मकान में छात्रों पर हमला हुआ, वहां रहने वाले एक छात्र ने खुद को शाहजहांपुर के एक पूर्व मंत्री और पूर्व सांसद का नाती बताया। बताया जा रहा है कि पूर्व मंत्री का निधन हो चुका है, लेकिन उनकी बहू इस समय भाजपा की बड़ी नेता हैं। इससे मामला और गमार्ने की संभावना है। इस पूरे मामले पर बारादरी थाना प्रभारी निरीक्षक धनंजय पांडे ने कहा है कि मेडिकल छात्र और छात्रा से थाने में पूछताछ की जा रही है। दोनों के परिवारों को सूचना दे दी गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा



वेलकम इण्डिय

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** नगर के पंडित दीनदयाल नगर उत्तर यादव डीह पर सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया।

कलश यात्रा कथा स्थल से शुरू हुई और प्राइवेट बस अड्डा से होते हुए बूढ़ी राप्ती नदी परसोहन घाट पहुंची यहां पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरा गया। उसके बाद कलश यात्रा कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक पंडित सुरेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दशार्ती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। इस अवसर पर रामदेव यादव, घनश्याम यादव, राधेश्याम यादव, भाजपा नेता राम शंकर यादव, संजय सिंह, मन्नू, राम बहाल, बब्बू, सोनू, पवन, कल्लू आदि श्रद्धालु मौजूद रहें।

## कल्याणं करोति मथुरा द्वारा

# विश्व श्रवण दिवस दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** प्राचार्य आरपी प्रजापति ने बताया कि साल 2007 से इस दिन को मनाने की शुरूआत हुई थी। इस साल विश्व श्रवण दिवस की थीम 'मानसिकता बदलना, कानों की और सुनने की शक्ति की देखभाल को सभी के लिए वास्तविक बनाने के लिए खुद को सशक्त करना।' इस थीम का मकसद कानों की दिक्कतों को लेकर आम लोगों में व्याप्त गलत धारणाओं और मानसिकता को खत्म करना है और लोगों को सुनने की शक्ति बनाए रखने के लिए प्रेरित करने के साथ ही इन दिक्कतों को दूर करने के प्रति जागरूक करना भी है।

सुनने की शक्ति को बनाए रखने के लिए कानों का ख्याल रखना जरूरी होता है। लोग अक्सर ही इतना तेज गाना सुनते हैं या फिर कानों की सफाई करने के लिए कानों में कुछ भी डाल लेते हैं जिससे सुनने की क्षमता कम हो सकती है और कानों को परमानेंट नुकसान हो सकता है। श्रवण क्षमता को बनाए रखने और सुनने की शक्ति खोने वाली आदतों से बचने को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए ही हर साल 3 मार्च के दिन विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तेज आवाज वाले म्यूजिक, शोर-शराबे और कानों की सही देखभाल न करने की वजह से कई लोग सुनने की दिक्कतों से जूझ रहे हैं। खासकर, हेडफोन का ज्यादा इस्तेमाल और ऊंची आवाज में गाने सुनने की आदत से यह समस्या और बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के मुताबिक, दुनिया में 466 मिलियन से ज्यादा लोग सुनने में परेशानी का सामना कर रहे हैं, और यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। यही वजह है कि वर्ल्ड हियरिंग डे को मनाने की शुरूआत की गई, ताकि लोग अपनी सुनने की क्षमता को गंभीरता से लें और समय रहते उसकी देखभाल करें।

# मतदाता जागरूकता रैली निकाली




**बिजनौर।** हल्दौर डिग्री कॉलेज हल्दौर बिजनौर की राष्ट्रीय सेवा योजना एन एस एस इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय निदेशक डॉ अनुज कुमार द्वारा महाविद्यालय से रैली का शुभारंभ किया गया जो ग्राम छजुपुरा सादात से होकर महाविद्यालय वापस आई रैली में स्वयंसेवक/ सेविकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए नारे लगाए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना के सातदिवसीय कैंप का तीसरा दिन मतदाता जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया। महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरजीत सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि मतदान हमारे देश में बहुत महत्व रखता है भारत एक लोकतांत्रिक देश है। जहां हर एक नागरिक को अपनी राय देने का अधिकार है। व स्वतंत्र होकर देश के लिए जिम्मेदार प्रतिनिधि का चयन कर सकते हैं। रैली में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार, डॉ लक्ष्य कुमार, डॉ सूर्य प्रताप, डॉ सौरभ वर्मा, गीतांशु चौधरी, गजेंद्र कुमार, रिहान अनवर, रूबी शर्मा, मोनू चौहान, पुरन व स्वयंसेवक/ सेविकाएं सम्मिलित रहें।

# पांच खंभों का केबल तार चोरी

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** क्षेत्र के खजुरी पुलिस चौकी के पीछे से रविवार की रात चोरो ने त्रिलोकी सिंह के पंपिंग सेट से राकेश सिंह के पंपिंग सेट के बीच बिजली सप्लाई हेतु लगे पांच खंभों का केबल तार काटकर चुरा ले गए।केबल चोरी की जानकारी सुबह हुई।केबल कटने से बिजली आपूर्ति बाधित हैं।चोरी की सूचना बिजली विभाग के जेई समेत पुलिस को दी गयी।


# ननिहाल से घर जाने के लिए निकले किशोर ने रची अपहरण की कहानी

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** कछवांरोड चौराहे के पास एक बाइक पर बैठकर सोमवार को चार बजे के आसपास औराई (भदोही) के तरफ जा रहे किशोर ने चौराहे के पास बाइक रुकने पर कूदकर भागने लगा और बोला कि मेरा बाइक सवार अपहरण करके लेकर भाग रहे थे किशोर के चिल्लाने पर ग्रामीणों बाइक सवार को दौड़ाये तो डर से बाइक सवार भाग निकले।ग्रामीणों द्वारा मिजार्मुराद पुलिस को सूचना दिया गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोर को थाने ले आई।किशोर ने पुलिस को अपना नाम मनीष कुमार बताया और पिता का नाम विजय प्रकाश बताया पता भदोही जिले के औराई थाना क्षेत्र के नटवा गांव निवासी बताया।पुलिस किशोर से घटना के बारे में पूछने लगी तो किशोर टाल मटोल करते हुए बताया में अपने मामा के यहां रहता हूं।जिसपर थाने के एसआई रामचन्द्र यादव किशोर को लेकर मिजार्पुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र के तिवारीपुर गांव निवासी किशोर के मामा धर्मेन्द्र कुमार के यहाँ पहुंचे तो वहां किशोर का खोजबीन हो रहा था।किशोर के छोटे मामा करन कुमार ने बताया कि मनीष यही रहकर पढ़ाई लिखाई करता है।आज इसके माता-पिता आए हुए थे ये घर जाने का जिद कर रहा था वो लेकर नही गए तो किशोर घर में से सौ रुपया लेकर अपना आधार कार्ड लेकर बिना बताए घर जाने के लिए निकल गया।किशोर ने बताया कि में रूपापुर पहुंचा वहां से एक बाइक हाथ देकर रोकने के बाद घर जा रहा था जब मुझे डर लगा तो में इस वजह से चिल्लाने लगा।पुलिस ने समझा बुझाकर किशोर को उसके मामा करन को सुपुर्द कर दी।

# एसपी ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने को पुलिसकर्मियों को कराया दंगा नियंत्रण अभ्यास

वेलकम इंडिया

**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में कानून व शान्ति व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण (एंटी रायट ड्रिल) का अभ्यास कराया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ श्यामवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी सादाबाद हिमांशू माथुर, प्रतिसार निरीक्षक राजकुमार सिंह, फायर ब्रिग्रेड टीम एवं जनपद के समस्त थाना, लाइन से आये कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



अभ्यास से पूर्व अधिकारियों एवं आरमोर्रर द्वारा मौजूद फोर्स को एन्टी रायट ड्रिल के सम्बन्ध में बताया एवं इस दौरान प्रयोग किये जाने वाले दंगा नियंत्रण उपकरणों की जानकारी दी तथा फोर्स को ब्रीफ करते हुए बताया कि भीड़ के आकस्मिक एकत्रित होने अथवा किसी घटना विशेष के होने से उत्पन्न हुए रोष से लोगों के अवैधानिक रूप से एकत्रित होने तथा बलवा करने से उत्पन्न हुई स्थिति को नियंत्रित करने तथा बलवाईयों को तितर-बितर करने के लिए एन्टी रायट ड्रिल का फोर्स द्वारा प्रयोग किया जाता है, जिससे कि कानून व्यवस्था की स्थिति बनी रहे। छोटी सी भी घटना बडा रूप ले सकती है, जिसके लिए तैयारियां बहुत अधिक महत्वपूर्ण है। ड्रिल का अभ्यास किये जाने से पूर्व अधिकारियों द्वारा उपकरणों का डैमो दिया गया। इसके उपरांत मॉक ड्रिल अभ्यास के दौरान अधिकारियों द्वारा पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण अभ्यास से पूर्व ब्रीफ करते हुए उपकरण आंसू गैस गन, एंटी राइट गन, रबर बुलेट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के सम्बन्ध मे जानकारी प्रदान की गयी। तथा पुलिसकर्मियों को विषम परिस्थितियों में भीड़ के बीच खुद को सुरक्षित रखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान पुलिस टीम को दंगा निरोधक/बल्वा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया।

अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर बितर करने के विभिन्न तरीकों के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार, लाठी चार्ज, आँसू गैस के गोले और दंगाईयों पर रबर के गोले, एंटी राइट गन, रबर बुलेट गन / टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, मिर्ची बम आदि शस्त्रों को चला कर पूर्वाभ्यास किया गया साथ ही विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियंत्रण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास किया गया।

# भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय समझदारी समृद्धि नारी योजना का हुआ आयोजन

वेलकम इण्डिया

**सिद्धार्थ नगर।** भारतीय रिजर्व बैंक के निदेर्शानुसार अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की इटवा, बांसी, बढ़नी तथा बेलौहा की शाखाओं पर वित्तीय समझदारी समृद्ध नारी योजना का आयोजन पिछले शुक्रवार को किया गया। इस योजना के अंतर्गत खाता धारकों को अपने धन को सुरक्षित रखने के उपाय, बचत की आदत, खाता व ओटीपी किसी से साझा न करना तथा मोबाइल पर प्राप्त किसी भी प्रकार के संदेहात्मक संदेश आने पर तुरंत अपने निकटतम कोऑपरेटिव बैंक लि. से संपन्न संपर्क करने की सलाह दी गई। यह कार्यक्रम मुख्य शाखा तेतरी बाजार के वरिष्ठ कर्मचारी रामकृष्ण यादव की देखरेख में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में यह भी बताया गया की बैंक पूरी तरह से उपभोक्ताओं की सेवा और उनके लाभ के लिए सदैव तत्पर रहता है तथा उपभोक्ता किसी भी प्रकार की शंका होने पर तुरंत अपने निकटतम अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लि.से संपर्क करें। मुख्य शाखा के वरिष्ठ कर्मचारी रामकृष्ण यादव की देखरेख में इस योजना की जानकारी शाखा प्रबंधक बांसी इकबाल अहमद, बेलौहा के अविनाश पांडे, इटवा के इकरार अहमद तथा बढ़नी के शाखा प्रबंधक दानिश जी द्वारा अपनी अपनी शाखाओं पर बैंक के उपभोक्ताओं को दी गईं। कार्यक्रम में दयाशंकर प्रजापति व संतोष सिंह आदि के साथ दर्जनों उपभोक्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बैंक की अन्य लाभकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

# गौतारा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**सीबीगंज/बरेली।** बेसिक शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार सोमवार को विकास क्षेत्र क्यारा के उच्च प्राथमिक विद्यालय गौतारा में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर प्रधानाध्यापक मानवेंद्र सिंह यादव और उनकी सहयोगी शिक्षिका संतोष कुमारी ने माल्यार्पण कर छात्र छात्राओं के साथ सरस्वती बंदना की, इसके बाद स्कूली बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों और नाटक के माध्यम से शिक्षा के महत्व को उपस्थित अभिभावकों और ग्रामीणों के सामने प्रदर्शित किया।

इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, जिन्हे देखकर अध्यापकों के साथ उपस्थित अभिभावकों और ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की। लगभग दो घंटे तक चले इस कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक मानवेंद्र सिंह यादव ने उपस्थित अभिभावकों से कहा कि इस संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का उद्देश्य यह है कि आप सभी लोग जागरूक बने और अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें, जिससे वह शिक्षित होकर समाज में आपका और अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें।

इस अवसर पर स्कूली छात्र छात्राओं ने बहुत हर्ष और उल्लास के साथ विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया और कार्यक्रम में उपास्थित सभी लोगों को बड़ी प्रसन्नता का




अनुभव कराया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र छात्राओं को उनके कला प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी किया गया तत्पश्चात जलपान भी कराया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान महाराज सिंह (पंकज) सत्यदेव शर्मा, राजपाल, मंगलसेन, भानु प्रताप, ताराचंद, दीपक, अर्जुन, बाबूराम, यशपाल आदि अभिभावक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मुझे हिंदू धर्म पसंद है, इसलिए मैंने अपना धर्म बदलकर मंदिर में शादी की : अलीजा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** दानिया, रहिमा के बाद अब एक और मुस्लिम युवती ने हिंदू लड़के से शादी रचा ली है, दोनों उत्तराखंड के उधम सिंह नगर के रहने वाले हैं, परिवार के विरोध के चलते दोनों ने बरेली आकर हिंदू रीति रिवाज से मंदिर में शादी कर ली, युवती ने प्रेमी के साथ शादी के बाद बताया है कि हमारे धर्म में तीन तलाक और हलाला जैसे रिवाज है जो की सही नहीं है, मैं हिंदू धर्म में खुद को ज्यादा सहज महसूस करती हूं, मैं राधा रानी को बहुत मानती हूं, इसलिए सनातन धर्म अपना लिया है। शादी के दौरान युवती ने गायत्री मंत्र पढ़ा, पंडित ने दोनों की शादी कराई।

युवती ने बताया कि हमारे परिवार वाले शादी के खिलाफ थे और मुझे जान से मारने का प्रयास भी किया गया था, जिसके बाद हम दोनों गांव छोड़कर फरार हो गए अब भी हम दोनों को धमकी मिल रही हैं। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के उधम सिंह नगर



की अलीजा ने हिंदू धर्म अपना लिया है, जिसके बाद उसने अपने प्रेमी राजेंद्र के साथ शादी रचाई, दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं, 5 साल पहले दोनों में नजदीकियां बढ़ी थी, जिसके बाद दोनों ने शादी करने का फैसला किया, अलीजा से मनीषा बनी युवती ने बताया कि राजेंद्र के बारे में जब घर वालों को पता चला तो मुझे मारना पीटना शुरू कर दिया गया और मेरा गला दबाकर जान से मारने की कोशिश भी की गई, मैं बहुत डरी हुई थी जिसके बाद मैंने राजेंद्र को कॉल किया और घर से भाग निकली फिर हम दोनों बरेली पहुंचे और एक मंदिर में पंडित जी ने मेरा शुद्धिकरण कराया इसके बाद मैंने अपना नाम बदलकर मनीषा रख लिया।

पंडित जी ने दोनों का विधि विधान से विवाह संपन्न कराया, दोनों ने सात फेरे लिए जिसके बाद राजेंद्र ने मनीषा के गले में मंगलसूत्र पहनाकर उसकी मांग में सिंदूर भरा, मनीषा ने कहा कि अब हम दोनो शादी के बंधन में बंध चुके हैं अगर हम दोनों किसी तरह की दिक्कत परेशान आती है तो इसके लिए मेरा परिवार जिम्मेदार होगा।

# बीएससी अंतिम वर्ष के छात्रों का विदाई समारोह संपन्न

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** बीएसए (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा बीएससी अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के प्रतिष्ठित प्रोफेसरगण और महाविद्यालय प्रशासन ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. ललित मोहन शर्मा, भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. खुशवंत सिंह एवं डॉ. रवीश शर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

छात्र-छात्राओं ने इस विदाई समारोह को अविस्मरणीय बनाने के लिए संगीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों द्वारा गायन और वादन की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक विशेष क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विज्ञान और सामान्य ज्ञान से जुड़े रोचक प्रश्न पूछे गए। विजेता टीम को सम्मानित किया गया।

वॉलपेपर प्रदर्शनी के अंतर्गत भौतिकी के नवीनतम शोध एवं विज्ञान के रोचक तथ्यों को प्रदर्शित किया गया, जिसे सभी ने सराहा। हास्य और प्रेरणादायक नाट्य प्रस्तुति ने माहौल को जीवंत बना दिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. ललित मोहन शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा विदाई सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक नई यात्रा की शुरूआत है। आप सभी ने यहाँ ज्ञान अर्जित किया, मित्र बनाए और जीवन के महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किए। अब समय है कि आप अपने सपनों को साकार करने के लिए आगे बढ़ें। हमेशा सीखते रहिए, अपने गुरुजनों और माता-पिता का सम्मान कीजिए और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहिए। महाविद्यालय को आप पर गर्व रहेगा। भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. रवीश शर्मा ने कहा कि जीवन में चुनौतियाँ आएंगी, लेकिन आप जिस ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे, वही आपको सफलता की ओर ले जाएगा। भौतिक विज्ञान में आइंस्टीन और न्यूटन ने जिस तरह जिज्ञासा और लगन के साथ कार्य किया, उसी तरह आप भी अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें। विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. खुशवंत सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी का यह सफर भले ही समाप्त हो रहा हो, लेकिन असली परीक्षा अब शुरू होती है। ज्ञान को सिर्फ किताबों तक सीमित न रखें, बल्कि उसे अपने जीवन में अपनाएं और समाज की भलाई के लिए उपयोग करें। छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और महाविद्यालय में बिताए गए सुनहरे दिनों को याद किया। अंतिम वर्ष के छात्रों ने कहा कि–

यह महाविद्यालय न केवल एक शिक्षण संस्थान रहा, बल्कि हमारे व्यक्तित्व निर्माण का एक महत्वपूर्ण केंद्र भी रहा है। हम अपने गुरुजनों और मित्रों को याद करेंगे। विदाई समारोह का समापन आभार व्यक्त करने के साथ हुआ, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने एक-दूसरे के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। इस अवसर पर संपूर्ण विभाग ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और यह कार्यक्रम सभी के लिए यादगार बन गया।

इस अवसर पर विभाग के अन्य वरिष्ठ प्रोफेसरगण डॉ. शिवराज भारद्वाज, डॉ के.वाई. सिंह, श्री हिम्मत सिंह, , श्री पंकज कुशवाहा, डॉ. रुद्राक्ष तिवारी व श्री काशदेव शर्मा भी उपस्थित रहे।

# अनेजा ग्रुप से की जाएगी 29.83 लाख की वसूली, आयोग ने डीएम को दिए निर्देश

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग प्रथम ने 29.83 लाख की अदायगी न करने पर अनेजा ग्रुप के खिलाफ आरसी जारी कर डीएम को उसकी चल-अचल संपत्ति से यह धनराशि वसूल करने का निर्देश दिया है। आयोग की ओर से जारी पत्र के मुताबिक सिविल लाइंस निवासी किरन शर्मा पत्नी सूर्य प्रकाश एवं सूर्य प्रकाश शर्मा पुत्र कृष्ण दत्त शर्मा ने एलए इन्फ्रावेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के हरीश अनेजा ग्रुप के विरुद्ध उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 एवं 2019 के तहत आयोग में वाद दर्ज कराया था। आयोग ने 22 दिसंबर 2022 को फैसला सुनाते हुए अनेजा ग्रुप के निदेशक सुनील कुमार तिवारी और ऋषभ अनेजा पर 29 लाख 83 हजार 179




रुपये का जुमार्ना लगाया था। लेकिन अनेजा ग्रुप की तरफ से दो साल से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी जुमार्ने की राशि अदा नहीं गी गई। जिसके बाद अब जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग प्रथम के अध्यक्ष ने अनेजा ग्रुप से 29.83 लाख की धनराशि की बसूली करने के लिए आरसी जारी कर इसे राजस्व की भांति वसूल कराने का निर्देश डीएम को दिया है।

डीएम के निर्देश पर एडीएम फाइनेंस संतोष बहादुर सिंह ने आरसी को तहसील सदर भेजा है और धनराशि वसूल कराने का आदेश दिया है।

# सोमवारी बाजार के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह बाधित, हर सोमवार लगता लंबा जाम

वेलकम इंडिया




**लखीमपुर।** शहर के बीचों-बीच पुराने एसपी बंगले के पास लगने वाली सोमवारी बाजार के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। ट्रैफिक सिपाहियों की तैनाती के बावजूद, इस जगह पर सोमवार को लंबा जाम लगा रहा। बाजार लगने के कारण हर सोमवार को यहां लंबा जाम लगना आम बात हो गई है।

वही सोमवार को हिदायतनगर चौराहे से इमली चौराहा जाने वाली सड़क पर भीषण जाम लग गया। जिससे लोगों को घंटों तक परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुराने एसपी बंगले के पास लगने वाली यह सोमवार की बाजार राहगीरों के लिए बड़ी मुसीबत बनती जा रही है। शुरूआत में यह बाजार पुराने एसपी बंगले के खाली मैदान में लगाई जाती थी। लेकिन धीरे-धीरे दुकानदारों ने अपनी दुकानें हिदायतनगर चौराहे से इमली चौराहे तक बढ़ाकर सड़क पर लगानी शुरू कर दीं। वही इस बाजार में दूर-दराज से दुकान लगाने आए व्यापारी अपने वाहन भी सड़क किनारे पार्क कर देते हैं, जिससे जाम की समस्या और गंभीर हो जाती है। सोमवार को बाजार में खरीदारी के लिए उमड़ी भारी भीड़ और सड़क पर खड़े ठेले-खोमचों ने यातायात को और बाधित कर दिया। जाम के कारण स्कूली वाहन भी फंसे रहे। जिससे बच्चों और उनके अभिभावकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई राहगीरों को पैदल चलकर ही जाम से बाहर निकलना पड़ा। स्थानीय निवासियों और स्थाई दुकानदारों का कहना है कि बाजार में अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग की वजह से हर सोमवार को जाम की समस्या बढ़ जाती है।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस जगह पर सोमवार को सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण पर रोक लगाई जानी चाहिए जिससे इस जगह पर जाम की समस्या से लोगों को राहत मिल सके।

# 20 करोड़ से अधिक की कीमत वाली सरकारी जमीन को कराया कब्जा मुक्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ नगर निगम विभाग के नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह द्वारा जारी निदेशों के तहत, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव और तहसीलदार अरविन्द कुमार पाण्डेय के आदेशों के अनुसार, नगर निगम की निहित भूमि पर हुए अवैध कब्जे को अतिक्रमण मुक्त किया गया। यह कार्रवाई नगर निगम नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार श्रीवास्तव और तहसील-सरोजनी नगर के नायब तहसीलदार वीरेन्द्र कुमार प्रजापति की निगरानी में हुई।

इस अभियान के दौरान, थानाध्यक्ष, थाना-सरोजनी नगर द्वारा पुलिस बल और नगर निगम ई.टी.एफ. बल की तैनाती की गई। साथ ही, तहसील-सरोजनी नगर के राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार, नगर निगम के लेखपाल अजीत तिवारी और तहसील-सरोजनी नगर के लेखपाल संजय शुक्ला भी मौके पर उपस्थित थे।

ग्राम अमौसी की गाटा संख्या-02, 21, 37, 38, 40, 79 और 94 पर स्थित नगर निगम की भूमि पर अवैध रूप से बनाए गए बाउन्ड्री वॉल को हटाकर उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। यह कार्रवाई पूरी तरह से सफल रही, और अब नगर निगम की इस भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा नहीं है।

इस भूमि की बाजारू कीमत लगभग 20 करोड़ 5 लाख 74 हजार रुपए (20,05,74,000.00) आंकी गई है। इस कार्रवाई से न केवल नगर निगम की भूमि को वापस प्राप्त किया गया है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया गया है कि भविष्य में इस प्रकार के अवैध कब्जों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। यह कदम नगर निगम की भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ लगातार चल रही मुहिम का हिस्सा है, जिसमें अधिकारियों और पुलिस बल का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण साबित हुआ है।

# हवन पूजन के साथ अमन द्विवेदी द्विवेदी ने मनाया अपना जन्मदिवस

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** पत्रकार अमन द्विवेदी ने अपने जन्मदिवस के शुभ अवसर पर अखंड रामचरितमानस पाठ करवा कर एन के इंटरप्राइजेज, द्विवेदी इंटरप्राइजेज का किया शुभारंभ।

आपको बता दें कि मलिहाबाद तहसील क्षेत्र अंतर्गत महमूदनगर निवासी अमन द्विवेदी जो पेशे से पत्रकार हैं। जो क्षेत्र में निडर व निर्भीक होकर पत्रकारिता जगत में कम समय में अपना जलजला कायम करने वाले, अमन द्विवेदी ने अपने निज निवास पर अखंड रामचरितमानस पाठ के साथ अपना जन्मदिवस मनाया। जन्मदिन के साथ साथ अमन द्विवेदी ने पत्रकारिता जगत में नाम कमाने के साथ साथ एन के इंटरप्राइजेज, द्विवेदी इंटरप्राइजेज नाम से व्यापार भी अपने जन्मदिवस के दिन शुभारंभ किया।

पत्रकार अमन द्विवेदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने जैसे ही केक काटा वहां मौजूद लोगों ने जन्मदिन की बधाइयां देते हुए उनके दीघार्यु होने की कामना की। इस दौरान मौजूद पत्रकारों ने एक दूसरे को केक खिलाकर खुशी का इजहार किया। सोमवार की शाम गुलजार हो गई जब तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पत्रकार अमन द्विवेदी ने केक काटा, अमन द्विवेदी के जन्मदिन को पत्रकारों ने बड़े ही धूमधाम से मनाया। पत्रकार समेत क्षेत्र के सम्मानित लोग भी जन्मदिन में शामिल होकर अमन द्विवेदी की लंबी आयु और खुशहाल जीवन के लिए ईश्वर से कामना की।

अपने जन्मदिन के मौके पर अमन द्विवेदी ने कहा कि एक पत्रकार की पहली निष्ठा जनता के प्रति होनी चाहिए। और स्वतंत्र रहना चाहिए। किसी भी प्रकार के व्यक्तिगत, दलों, संगठनों के दबाव में नहीं आना चाहिए। बल्कि सच्चाई को उजागर करना चाहिए।

# ब्रज प्रेस क्लब का होली मिलन महोत्सव धूमधाम से मना

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** ब्रज प्रेस क्लब एवं सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (सिम्स हॉस्पीटल) द्वारा आयोजित होली मिलन महोत्सव का कार्यक्रम डेंपीयर नगर स्थित होटल हीरा क्रिस्टल के सभागार में धूमधाम से मनाया गया। होली के मस्ती भरे गीत-संगीत पर पूर्व मंत्री, विधायक, अधिकारी एवं गणमान्य भाव विभोर होकर होली की मस्ती में झूमते नजर आए।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं विधायक श्रीकान्त शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर के किया। इस अवसर पर ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकान्त उपमन्यु एडवोकेट एवं सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (सिम्स हॉस्पीटल) के चैयरमैन डा. गौरव भारद्वाज द्वारा महोत्सव में पधारे सभी गणमान्य अतिथियों का पटुका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सुस्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव पवन नवरत्न एवं गोविन्द भारद्वाज द्वारा किया गया। ब्रज की प्रसिद्ध दानीराम शर्मा की रास एवं भजन संगीत मंडली द्वारा ठाकुरजी स्वरूप में ठाकुरजी की होली पुष्प वर्षा के साथ खेली गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एएस वाजपेयी के स्वर्गगमन पर दो मिनट का मौन रखकर सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। डा.पंकज शर्मा, डा. पंकज चौधरी, डा.शिखा, डा. सारिका, डा.दिशा, डा. आशीष शर्मा, डा. अर्पित अग्रवाल ने कार्यक्रम में पधारे सभी गणमान्यों का स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, पूर्व ऊर्जा राज्यमंत्री रविकान्त गर्ग, विधायक पूरन प्रकाश, विधायक ठा.मेघश्याम सिंह, विधायक राजेश चौधरी, जिले के जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, डीआईजी/एसएसपी शैलेन्द्र कुमार पांडेय, एसपी सिटी डा. अरविन्द कुमार, एसपी ट्रेफिक मनोज कुमार यादव, पूर्व जिला जज उमाशंकर शर्मा, एमबीडीए के सचिव अरविन्द द्विवेदी, सीओ सिटी भूषण वर्मा, एआरटीओ मनोज वर्मा, महिला थाना प्रभारी संचना सचान, एंटी रोमियो प्रभारी अलका रानी, बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता नंद किशोर उपमन्यु, अजय सिंह एडवोकेट, सार्थक चतुर्वेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष घनश्याम सिंह, रालोद नेता कुं. नरेन्द्र सिंह, ठा.मुकेश सिंह सिकरवार, योगश द्विवेदी, स्पेशल डीजीसी अलका उपमन्यु एडवोकेट, विशेष लोक अभियोजक रामपाल सिंह, एडीजीसी खंडग सिंह छौंकर, पूर्व एडीजीसी महेश गौतम, छाया गौतम, प्रतिभा सिंह, भावना शर्मा, रागिनी गांधी, पिंकी द्विवेदी, ममता भारद्वाज, चंद्रकांता भदौरिया, संगीता शर्मा, बबिता सिंह सिसौदिया, दीपा चतुर्वेदी, पूजा कौशिक, विदुषी शर्मा, सरोज वशिष्ठ, सरोज गोला, चंचल यादव, कनक गुप्ता, रेखा यादव, छीतर सिंह एडवोकेट, पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सचिव शिव कुमार लवानियां, डीजीसी क्राइम ठा. शिवराम सिंह तरकर, समाजसेवी देवेन्द्र कुमार गौतम गुड्डू भैया, प्रमोद गर्ग कसेरे, विनोद गर्ग कसेरे, डा. अशोक अग्रवाल, मनोज कुमार शर्मा बॉबी भैया, जिला भाजपायुवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष यज्ञदत्त कौशिक, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव पवन हिंडोल, आरएसएस के अधिकारी कमल कौशिक, स्पेशल डीजीसी अलका उपमन्यु एडवोकेट, पीएम मोदी अगेन मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल काका, दिनेश शर्मा, भाजपा नेता संजय गोविल आदि गणमान्य होली के संगीत पर झूमते नजर आए।

# गापा के राष्ट्रीय संरक्षक दयाचंद वर्क बने प्रदेश नागरिक निगरानी समिति के सदस्य

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने सोमवार को प्रदेश नागरिक निगरानी कमेटी में 11 सदस्य को नामित करते हुए विभिन्न मंडलों की जिम्मेदारी सौंपी है। मेरठ मंडल की जिम्मेदारी ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय संरक्षक दयाचंद वर्क को सौंपी गई है।

समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने निगरानी समिति में 11 सदस्यों को नामित करते हुए कहा कि समाज कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों के पुनरुद्धार हेतु मुख्यमंत्री के द्वारा धन आवंटन किया गया है इस धन के सदुपयोग कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और छात्रवासों की व्यवस्था में सुधार के लिए ही प्रदेश नागरिक निगरानी समिति का गठन किया जाता है।

समिति की कार्य पद्धति निर्धारित करते हुए उन्होंने निर्धारित किया है कि जिन छात्रावासों का निर्माण या मरम्मत कार्य चल रहा है उनका संयुक्त निरीक्षण जिला समाज कल्याणअधिकारी, अधिशासी अभियंता, प्रोजेक्ट मैनेजर और प्रदेश नागरिक निगरानी समिति के सदस्यों की चार सदस्य कमेटी संयुक्त रुप से निरीक्षण करेगी इसके साथ ही समिति का दायित्व होगा की कार्य की गुणवत्ता का परीक्षण करना, छात्राओं से फीडबैक लेना, छात्रावासों में स्टॉक की उपलब्धता और गुणवत्ता तथा समय-समय पर वीडियो कॉल पर छात्रों की मंत्री जी से बात करवाना है तथा जिला निगरानी समिति की कार्रवाई की प्रगति की समीक्षा करना, नीतिगत सुझाव देना तथा माननीय मंत्री जी के कार्यालय में गठित को पीएमयू को रिपोर्ट देना है। साथ में आदेश में यह भी व्यवस्था करी गई है मंडलीय उपनिदेशक निगरानी कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा कर मंत्री जी को अवगत कराएंगे तथा प्रदेश नागरिक निगरानी समिति के सदस्यों मंडलीय उपनिदेशक वाहन उपलब्ध कराएंगे।

प्रदेश नागरिक निगरानी समिति के सदस्य बनने पर दयाचंद वर्क को विभिन्न संगठनों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करी। ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी प्रदेश, प्रदेश महामंत्री मुनेंद्र त्यागी, जिला अध्यक्ष संजीव तोमर, जिला महामंत्री शिवकुमार शर्मा ने दयाचंद वर्क से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उन्हें शुभकामना देते हुए कहा कि दयाचंद वर्क अपने कार्य को बखूबी से निभाएंगे और मंत्री जी ने जो उन पर विश्वास जताया है उस पर वे खरा उतरेंगे।

# छात्र का आया पोस्टमार्टम रिपोर्ट, डूबने से हुई है मौत

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** अमिनी गांव (मिजार्मुराद) में मुकेश प्रजापति के 15 वर्षीय पुत्र शनि की मौत के मामले में सोमवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गया। मिजार्मुराद थाना प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी ने बताया कि छात्र के शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गया है रिपोर्ट में छात्र का मौत कुएं में डूबने से हुई है। वही दूसरे तरफ परिजनों का आरोप है कि मौत के पीछे छात्र के साथ पड़ने वाले तीनों दोस्तो का ही हाथ है अगर पुलिस सही से जांच-पड़ताल करे तो सच्चाई सामने आ जायेगी। चौकी प्रभारी करधना रोहित दूबे ने बताया कि जिन किशोरों पर मृतक शनि के परिजनों आरोप लगा रहे है उन सभी का हाईस्कूल का पेपर चल रहा है। मंगलवार के बाद पूछताछ के लिए उनको बुलाया गया है। पूछताछ पुलिस द्वारा किया जाएगा।

# सड़क हादसे में घायल युवक की दिल्ली में उपचार के दौरान मौत

**बुलंदशहर।** कोतवाली देहात क्षेत्र में गांव मिजार्पुर के पास बीते दिनों हुए सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। देहात पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बुलंदशहर के मोहल्ला साठा मयूर विहार निवासी पीड़ित बबलू ने तहरीर देकर बताया कि 25 फरवरी की रात को उनका बेटा अनिकेत बुलंदशहर-शिकारपुर मार्ग पर गांव मिजार्पुर के पास शांति फार्म हाउस में शादी समारोह में शामिल होने गया था। रात को वहां से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। रात करीब 12.30 बजे शांति फार्म होटल के आगे गांव मिजार्पुर के समीप उसकी बाइक में शिकारपुर की तरफ से आए एक बाइक सवार ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में अनिकेत गंभीर रूप से घायल हो गया।

# एमडीपीजी कॉलेज की छात्राओं को वन स्टॉप सेन्टर का कराया गया भ्रमण

वेलकम इन्डिया




**प्रतापगढ़।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद स्तर पर जिलाधिकारी निदेर्शानुसार एमडीपीजी कालेज की छात्राओं को केन्द्र प्रबंधक नीरजा कुमारी द्वारा बुलाकर वन स्टॉप सेंटर भुलियापुर का भ्रमण कराया गया तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत छात्राओं एवं महिलाओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, निराश्रित महिला पेंशन योजना, चाइल्ड लाइन एवं वन स्टॉप सेंटर के कार्य प्रणाली उनसे मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी समस्त छात्राओं को जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त सभी हेल्पलाइन नंबर 181, 1090, 1076, 112, 108 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम में वन स्टाप सेंटर से केन्द्र प्रबंधक नीरजा कुमारी, महाविद्यालय के प्राचार्य अरविन्द मिश्रा, एमडीपीजी कालेज के अध्यापक अंश तिवारी, केस वर्कर वंदना यादव, कम्प्यूटर आपरेटर आकाश श्रीवास्तव मल्टीपरपज हेल्पर रवींद्र कुमार एवं सभी छात्राएं उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# ट्रक की टक्कर से घायल कार चालक की मौत

**बुलंदशहर।** ककोड़ में कार और अनियंत्रित ट्रक के बीच टक्कर में प्रीति देवी के पति विशाल की मौत हो गई। घटना में कार सवार अन्य तीन लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। कोतवाली प्रभारी ने मामले में जांच शुरू कर दी है। प्राप्त विवरणनुसार जेवर कोतवाली के गांव चोचली निवासी प्रीति देवी ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि 19 फरवरी की सुबह साढ़े तीन बजे उसके पति विशाल दादरी क्षेत्र में शादी समारोह में शामिल होकर कार से गांव वापस लौट रहे थे। कार में उनके साथ गांव निवासी सतीश, सूर्यकांत व सोनू भी मौजूद थे। कार उसके पति चला रहे थे। जैसे ही कार जहांगीरपुर रोड़ पर पहुंची तभी सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने ओवरटेक करते हुए कार में जबरदस्त टक्कर मार दी। जिसमें कार सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि कार भी क्षतिग्रस्त हो गई।

# चोलापुर के भदवा गांव में अराजक तत्वों द्वारा लगाया गया आग दलित बस्ती में आग ने मचाया तांडव

वेलकम इंडिया



**दानगंज चोलापुर।** थाना अंतर्गत भदवा गांव में अराजक तत्वों द्वारा दलित बस्ती से कुछ दूरी पर सर्पत में आग लगा दिया गया था हवा का गति तेज होने की वजह से आग बस्ती में जा घुसा देखते ही देखते आग 10 से 12 घरों को अपने चपेट में ले लिया मौके पर पहुंचे पूर्वांचल नाम के पत्रकार राहुल चौबे ने तुरंत लोगो से अपील किया कि घर या झोपड़ी के अंदर बच्चे या किसी तरह के पशु हो तो उनको पहले बाहर निकाले उसके बाद राहुल चौबे ने बीजेपी के मीडिया प्रभारी श्री निकेतन मिश्रा को फोन किया अवगत कराया गया और लाइन पिछले एक घंटा से कटी हुई थी जो की आग बुझाने के लिए पानी का पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो पा रहा था उसको चालू करने के लिए श्री निकेतन मिश्रा ने तुरंत नजदीकी पावर हाउस के लोगों से संपर्क करके लाइट चालू कराया गया राहुल चौबे ने दानगंज चौकी और थाने पर भी सूचना देकर फोर्स को बुलाया मौके पर दानगंज चौकी के फोर्स भी पहुंच गई थी पर लोगों को इंतजार था फायर ब्रिगेड का जो डेढ़ 2 घंटे बीतने के बाद ही नहीं पहुंच पाई सबसे बड़ी लापरवाही देखने को मिली कि दमकल विभाग की टीम लास्ट तक नहीं पहुंच पाई दलित लोगों के झोपड़ी में आग लगने से काफी घरेलू सामान का नुकसान हुआ है, प्यारी देवी स्वर्गीय चैतू राम, काली प्रसाद स्वर्गीय राम बहाल, होरीलाल स्वर्गीय शिवा, चाचंद देवी स्वर्गी छोटेलाल, मदन कुमार स्वर्गीय चैतू राम, हंसराज स्वर्गीय चैतू राम, होरीलाल स्वर्गीय शिवा, लालचंद स्वर्गीय शिवकुमार रहे।

# लायन्स क्लब झांसी सेवा द्वारा नि:शुल्क कान जांच शिविर का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया



**झांसी।** लायन्स क्लब झांसी सेवा के चार्टर अध्यक्ष लॉ अब्दुल खालिद के सौजन्य से ₹वर्ल्ड हियरिंग डे₹ के अवसर पर ₹नि:शुल्क कान जॉच शिविर₹ का आयोजन स्टेशन रोड स्थित क्लीनिक पर किया गया। चेयरमैन हियरिंग स्पीच लॉ. डॉ. रूपेश सिंह राजपूत, जनपद झांसी प्रमुख अभिषेक सिंह, श्रीमती अन्वी सिंह द्वारा 135 मरीजों की अत्याधुनिक मशीनों द्वारा कान की जांच कर परामर्श एवं जरूरतमंदो को दवायें भी दी गई।

लायन्स क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321 बी 2 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ सीए लॉ अनिल अरोरा द्वारा दीप प्रज्वलन कर निशुल्क श्रवण शिविर का उद्घाटन किया गया। उक्त अवसर पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लॉ प्रदीप अरोरा, लॉ अलका अरोरा, डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी लॉ मिनी अरोरा, डिस्ट्रिक्ट केबिनेट सेक्रेट्री लॉ दीपांशु डे, लायन्स क्लब झांसी किंग्स के चार्टर प्रेसिडेंट लॉ आनन्द कुमार सक्सेना, लायन्स क्लब झांसी सेवा के चार्टर सेक्रेट्री लॉ यासिर अराफात, लॉ बुसरा खान, पैगाम अहमद, जनरल खान आदि उपस्थित रहे।

उक्त अवसर पर डॉ रूपेश सिंह राजपूत द्वारा अवगत कराया गया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के तत्वाधान में प्रतिवर्ष 3 मार्च को पूरे विश्व में वर्ल्ड हेयरिंग डे मनाया जाता है जिसका प्रमुख उद्देश्य श्रवण बाधिता व श्रवण हानि को रोकने हेतु जागरूकता बढ़ाने, श्रवण देखभाल को बढ़ावा देने और बहरेपन को रोकना है, इसके माध्यम से शीघ्र पहचान, शीघ्र हस्तक्षेप और निवारक उपायों के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लॉ अनिल अरोड़ा द्वारा अवगत कराया की निशुल्क श्रवण जांच शिविर आयोजन का प्रमुख उद्देश्य श्रवण बाधिता, श्रवण हानि से पीड़ित लोगों के साथ ही आम जनमानस में इसके प्रति जागरुकता लाना है। कार्यक्रम का संचालन लॉ दीपांशु डे ने किया।

# चंचल को उपहार देकर एवं पैर पखारकर डॉ० संदीप ने किया विदा

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** संघर्ष सेवा समिति अब तक कई कन्याओं के विवाह आयोजित कर चुकी है और सैकड़ों कन्याओं के विवाह में सामाजिक और आर्थिक रूप से सहयोग भी करती आ रही है। इसी क्रम में लक्ष्मी गेट अंदर निवासी चंचल को डॉ० संदीप सरावगी ने संघर्ष सेवा समिति परिवार में एक और सदस्य के रूप में सम्मिलित किया। चंचल के पिता लालता प्रसाद मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं लालता प्रसाद को धर्मदास भगत द्वारा संघर्ष सेवा समिति कार्यालय का पता चला जहां उन्होंने अपने परिवार के साथ पहुंचकर डॉक्टर संदीप के समक्ष अपनी बात रखी डॉक्टर संदीप ने चंचल के विवाह में यथासंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया लेकिन विवाह के दिन अत्यधिक व्यस्तता के कारण चंचल संघर्ष सेवा समिति कार्यालय नहीं पहुंच सकी, विवाह उपरांत आज वे संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंचीं। जहां डॉक्टर संदीप ने चंचल को नव दांपत्य जीवन में प्रवेश हेतु शुभकामनाएं देते हुए उपहार भेंट किए एवं आजीवन सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर डॉ० संदीप ने कहा किसी कन्या के विवाह में सहयोग करना पुण्य कर्म है हमें स्वयं को खुशनसीब समझना चाहिए कि हमें इस तरह के अवसर मिलते हैं हम आज नेहा को बहन/बेटी के रूप में संघर्ष सेवा समिति परिवार से विदाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कामिनी जीवन भर खुश रहें, यही ईश्वर से कामना करते हैं। इस अवसर पर संतोष राजपूत, राकेश राजपूत, भानु प्रताप, प्रकाश, सुरेश, बंदना, त्रिलोक सिंह, उत्तम सिंह यादव, सत्येंद्र गुप्ता, अच्छे लाल, सोमकांत निगम, बसंत गुप्ता, अरुण पांचाल, आशीष विश्वकर्मा, सुशांत गुप्ता, मास्टर मुन्नालाल, दीक्षा साहू, नैंसी नामदेव, सूरज प्रसाद वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मेडिकल स्टोर संचालक पर तेजाब से हुआ हमला, चेहरा बुरी तरह झुलसा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** जिले के आंवला क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक मेडिकल स्टोर संचालक पर तेजाब से हमला किया गया, जिससे उसका चेहरा बुरी तरह झुलस गया। यह हमला एक ग्राहक के रूप में आए हमलावर ने किया, जो वारदात के बाद फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। ये घटना आंवला के रामनगर रोड स्थित भूतेश्वर मंदिर के पास की है, यहां के रहने वाले यादराम वर्मा आईटीआई बरेली में कार्यरत हैं, जबकि उनका बेटा अंकुश वर्मा उर्फ अंकित मेडिकल स्टोर का संचालन करता है। सोमवार दोपहर करीब 3:30 बजे अंकुश अपनी दुकान पर बैठा हुआ था, तभी बाइक सवार दो युवक वहां पहुंचे, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक से एक युवक उतरा और मेडिकल स्टोर में आकर दवा मांगी। जैसे ही अंकुश काउंटर पर आए, हमलावर ने उनके चेहरे पर तेजाब फेंक दिया। हमला होते ही अंकुश दर्द से चीखने लगे, जिससे आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। इसी बीच हमलावर मौका देखकर बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। तेजाब से गंभीर रूप से झुलसे अंकुश को परिजन तुरंत बरेली ले गए, जहां उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से एक कांच का गिलास बरामद किया है, जिसमें हमलावर तेजाब लेकर आया था। इसे जांच के लिए कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों की पहचान में जुटी है। फिल्हाल हमले की वजह का खुलासा नहीं हो सका है, लेकिन पुलिस इस मामले में जल्द ही गिरफ्तारी का दावा कर रही है।

# शहर के नालों की सफाई के लिए बनेगी कार्ययोजना, अवैध अतिक्रमण के बाद हटेगी शहर की गंदगी

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** नगर निगम ने एक बार फिर बड़े नालों की सफाई में बाधक बन रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्ययोजना पर काम करना शुरू कर दिया है। नगर आयुक्त संजीव मौर्य ने 31 मार्च से पहले अतिक्रमण करने वालों को खुद अपने अतिक्रमण को हटाने की चेतावनी दी है। आपको बता दें कि शहर के तमाम इलाकों के नालों पर भारी अतिक्रमण है जिसकी वजह से उनकी सफाई नहीं हो पाती। अब नगर निगम ने बरसात से पहले इन नालों की सफाई कराने के लिए और इन नालों पर किया गया अतिक्रमण हटाने के लिए कार्ययोजना बनाने पर काम शुरू कर दिया है। नगर निगम के निर्माण विभाग के अनुसार पीलीभीत बाईपास, नगर निगम के पास, सिकलापुर, कुतुबखाना, सुभाषनगर, सीबीगंज हाइवे किनारे बनी मार्केट समेत कई प्रमुख नालों पर अतिक्रमण है। इनकी सफाई न हो पाने से ये नाले चोक हो गए हैं जिससे मोहल्लों की जल निकासी की समस्या उत्पन्न हो गई है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने निर्माण विभाग के अफसरों और सफाई निरीक्षकों को नालों की सफाई की पूरी कार्ययोजना तय करने का निर्देश दिए हैं। गौरतलब हो कि बड़े नालों पर पर अतिक्रमण होने के कारण नियमित सफाई न होने के कारण जगतपुर, कंघी टोला, संजयनगर मुख्य मार्ग, हजियापुर, नेकपुर, बंशी नगला, मढ़ीनाथ, लोधी टोला, एजाज नगर गौटिया, चक महमूद, जोगी नवादा, नवादा शेखान, सुभाष नगर, सीबीगंज कस्बा क्षेत्र के अलावा हाइवे किनारे बनी मार्केट के सामने बने नालों सहित सहित कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है।

## कैमकुस कॉलेज ऑफ लॉ में मानवाधिकार एवं आपराधिक न्याय प्रणाली पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**गाजियाबाद।** कैमकुस कॉलेज ऑफ लॉ में ²भारत में मानवाधिकार एवं आपराधिक न्याय प्रणाली² विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, माननीय के० जी० बालाकृष्णन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में अपराध न्याय प्रणाली में मानवाधिकारों की रक्षा के महत्व पर जोर दिया और हाशिए पर रहने वाले समुदायों द्वारा झेली जाने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला। करुणाकर शुक्ला, मुख्य संरक्षक, कैमकुस कॉलेज ऑफ लॉ, गाजियाबाद, राजिंदर पाल सिंह, अधिवक्ता, दिल्ली उच्च न्यायालय, अमिताभ सुकुल, निदेशक, भागीरथ सेवा संस्थान, गाजियाबाद शामिल रहे। कॉलेज के छात्रों ने भी मानवाधिकार और आपराधिक न्याय प्रणाली से जुड़े अपने विचार प्रस्तुत किए।

## जेएमएस ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस हापुड़ ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के द्वारा चयनित छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतिष्ठ कंपनी एच॰आर॰ दे रहे प्लेसमेंट

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़/जे.एम.एस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस,हापुड़ के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के द्वारा छात्र,छात्राओं के बेहतर रोजगार के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के एच.आर,संस्थान आकर चयनित छात्र,छात्राओं को दे रहे हैं प्लेसमेंट।

आपको बता दें कि स्थानीय-जे.एम.एस ग्रुप के माननीय मैनेजमेंट सचिव डॉ० रोहन सिंघल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ० आयुष सिंघल,डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर (डॉ०) सुभाष गौतम ने संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग को बधाई देते हुए अपनी खुशी जाहिर की है। संस्थान के एम.डी डॉ० आयुष सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया की संस्थान के डायरेक्टर जनरल ने प्लेसमेंट अधिकारियों,डीन,प्राचार्य व विभागाध्यक्षों के मध्य अकादमिक समन्वय/ सामंजस्य बनवाते हुए विषम सेमेस्टर 2024-25 से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ अध्यनरत एवं संस्थान से उत्तीर्ण हुए छात्र /छात्राओं को नामचीन कंपनियों में स्मार्ट पैकेज और सभी मूलभूत सुविधाओं सहित प्लेसमेंट दिलाकर संस्थान का नाम रोशन करते हुए आज के युवाओं प्रोफेशनल एवं टेक्निकल छात्र,छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए एक अच्छा भविष्य प्रदान कर रहे हैं। छात्र ,छात्राओं ने बेहतरीन रोजगार प्राप्त करते हुए प्लेसमेंट उपलब्धि हासिल की। हाल ही में संस्थान में अध्यनारत अंतिम वर्ष के 10 छात्र,छात्राओं विनय,देव मित्तल, अंशिका, दीपांशु (बी.सी.ऐ ) प्रशांत चौधरी, मानसी, पलक, सागर अरोड़ा (बी.कॉम ) दिषु मलिक,सतेंद्र(बी. बी.ऐ) को फ४स्त्री० कंपनी ने अपने यहां अफड के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किये।




## शहादत दिवस पर देश के वीर शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजलि - सरबजीत कौर

**वेलकम इंडिया**

**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। शहीद भगत सिंह सोशल वेलफेयर सोसाइटी की एक बैठक अशोक नगर में शहीद भगत सिंह शहीद राजगुरू व शहीद सुखदेव के शहादत दिवस मनाने के लिए हुई। इस मौके पर ऑल इंडिया महिला सैल की प्रभारी सरबजीत कौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई, जबकि प्रवेश सनी मुख्य संपादक साहनी टाइम्स ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर ऑल इंडिया सेल की प्रभारी सरबजीत कौर ने कहा कि आगामी 23 मार्च को शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को उनके शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि दी जाएगी। कहा कि यह कार्यक्रम कटयाल मंदिर नियर अशोक नगर पुलिस स्टेशन तिलक नगर के पास किया जाएगा, जिसमें सभी धर्म के लोग शामिल होकर शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को श्रद्धांजलि देंगे। इस अवसर पर बोलते हुए चेयरमैन इंद्रजीत सिंह अस्त ने कहा की जो काम हम कर रहे हैं, वह सरकारों को करना चाहिए। शहादत दिवस व जन्मदिन मनाने के लिए सरकारों को एक अलग से फंड की व्यवस्था करनी चाहिए। इंद्रजीत सिंह अस्त ने कहा कि 23 मार्च को भारत सरकार को राष्ट्रीय अवकाश करने की घोषणा करनी चाहिए। इस अवसर पर हरजीत कौर टक्कर, राजदेव सिंह खुरमी, हरविंदर सिंह सोखी, गगनदीप सिंह, उमा शर्मा, कमलजीत कौर, जोगिंदर सिंह सभरवाल, अमनदीप सिंह, अरविंदर कौर, परमजीत सिंह मरवा, विमल कुमार, एम पी त्रिपाठी आदि थे।

## चोरी की संपत्ति को छिपाने व चोरी की संपत्ति को बेईमानी से लेने या रखने के मामले 07 गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एसओजी प्रभारी सर्वेश राय व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में का0 वीर बहादुर यादव, का0 सर्वेश मिश्रा, का0 शुभम कुमार, का0 अरूण हलवाई, का0 दीपक सिंह व चौकी प्रभारी बरदहिया उ0नि0 श्री ललितकान्त यादव, उ0नि0 अशोक कुमार दुबे, हे0का0 छोटेलाल सिंह, का0 मनीष कुमार यादव, का0 शमसेर अली ने संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुए चोरी की संपत्ति को छिपाने व चोरी की संपत्ति को बेईमानी से लेने या रखने के मामले 07 अभियुक्तों साहिद पुत्र मो0 यहिया निवासी मुखलिसपुर चौराहा थाना कोतवाली खलीलाबाद, प्रिन्स कुमार पुत्र संजय कुमार निवासी बडगो थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर हाल मुकाम मोहल्ला मैलानी थाना कोतवाली खलीलाबाद, सत्यम चौधरी पुत्र रामराज चौधरी निवासी गौसपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद, साहिल जायसवाल पुत्र सुशील जायसवाल निवासी त्रिपाठी मार्केट खलीलाबाद, राहुल कुमार पुत्र बुद्धि सागर निवासी गोला बाजार थाना कोतवाली खलीलाबाद, आदर्श पुत्र स्व0 रामअचल कहांर निवासी गौसपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद, अभिलाष कुमार पुत्र राजकुमार निवासी महास्थान खलीलाबाद थाना कोतवाली खलीलाबाद को औद्योगिक क्षेत्र श्मशान घाट के पास से एक अदद अपाची मोटरसाईकिल, एक अदद रायल इन्फील्ड बुलेट हन्टर मोटरसाईकिल, एक अदद बजाज पल्सर मोटरसाईकिल, 9200 रुपये नगद, 24 अदद मोबाईल फोन विभिन्न कम्पनियों के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तो से पूछताछ की गयी तो बताये कि हम लोग खलीलाबाद कस्बा व उसके आस पास घुमफिर कर मोबाईल व गाड़ियों की छिनौती करते है। जिसको बेचकर हमलोग मिले रुपये को आपस में बाट लेते है । इस आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 182/2025 धारा 317(2), 317(5) बीएनएस में अभियोग पजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी है ।

## एक युवती के साथ हुई मारपीट व छेड़छाड़ की घटना में पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

**चंदपा।** अवगत कराना है कि रविवार को वादी द्वारा थाना चन्दपा पर लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना दी कि उसकी बुआ की बेटी सादाबाद से थाना हाथरस गेट क्षेत्रान्तर्गत अपने घर जा रही थी, तभी ग्राम मीतई के पास उसी ऑटो मे बैठा एक अज्ञात व्यक्ति गाली गलौच कर रहा था । मना करने पर उसके द्वारा वादी की बहन के साथ घटना कर दी । उक्त सूचना के आधार पर थाना चन्दपा पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए युवती के साथ मारपीट करने करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना चन्दपा को निर्देशित किया गया था । जिसके क्रम मे गठित पुलिस टीमों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सोमवार को थाना चन्दपा पुलिस द्वारा मारपीट करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिसने अपना नाम प्रिंस पुत्र सुग्रीव सिंह निवासी ग्राम मीतई थाना चन्दपा जनपद हाथरस बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## जनपद की कानून सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त सुदृढ़ बनाकर रखने का नाम है/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़**/जनपद की कानून सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त सुदृढ़ बनाकर रखना का नाम है एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ।आपको बता दें कि जनपद हापुड़ में कप्तान पद की कमान संभालने से लेकर वर्तमान स्थिति तक जिले की कानून सुरक्षा व्यवस्था को चौक बंद रखने को लेकर इनकी डिक्शनरी में किसी भी पुलिस कर्मी के द्वारा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाती है। यहां तक की अपनी ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कई पुलिस कर्मियों को पुलिस लाइन भेजने के साथ निलंबित कर चुके हैं। इसी क्रम में कानून सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त सुदृढ़ बनाने को लेकर तबादला एक्सप्रेस चलाई गई। जिसमें तीन दरोगा सहित 14 इंस्पेक्टर सवार हुए। और सभी को इधर-उधर करने के साथ चार्ज से संबंधित किया गया।

## थाना हाथरस गेट पुलिस ने मात्र दो घंटे में पुलिस ने बिछडी बच्ची को माता-पिता से मिलाया

**वेलकम इंडिया**



**हाथरस।** थाना हाथरस गेट पर एक युवती द्वारा सूचना दी गई कि वह अपने भाई अमित निवासी जोगिया थाना हाथरस गेट के यहाँ कार्यक्रम मे आई थी । उसकी पुत्री खुशी उम्र 6 वर्ष लहरा रोड से कही गुम हो गयी है । आस-पास के स्थानों पर काफी तलाश करने के उपरान्त भी नही मिली । घटना को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा लापता-गुमशुदा बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द करने हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना हाथरस गेट को निर्देशित किया गया । जिसके क्रम में थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा बच्ची की तलाश हेतु टीमें गठित कर उसके फोटो को लेकर आसपास के बाजार-मोहल्लों में ले जाकर लोगों से उसके बारे में पूछताछ की गई । इसी क्रम में बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार व अन्य स्थानों पर बच्ची की तलाश हेतु अथक प्रयास किये गये । जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना हाथरस गेट पुलिस टीमों द्वारा अथक प्रयासों के फलस्वरूप मात्र दो घंटे के अन्दर गुमशुदा बच्ची को तलाश सकुशल बरामद कर लिया गया है । तदुपरांत गुमशुदा बच्ची के परिजनों बुलाकर बच्ची को सकुशल उनके सुपुर्द किया गया तथा परिजनो द्वारा बच्ची को सकुशल अपने संरक्षण में ले लिया गया है ।

## तमंचा कारतूस के साथ पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा हाथरस के आदेशानुसार फरार, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त दीपक उर्फ पिच्चा पुत्र माधो सिहं निवासी सीयल गांधी पार्क थाना कोतवाली नगर को शीतला मन्दिर के पास जाने वाली गली मथुरा रोड की तरफ के पास से गिरफ्तार किया है । जिसके कब्जे से एक तमंचा एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए है । पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## आईटीएस डेंटल कॉलेज ने लगाया स्वास्थ्य शिविर, 5000 मरीजों को मिला निशुल्क उपचार

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** आईटीएस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर ने जनवरी और फरवरी 2025 में विभिन्न स्थानों पर दंत चिकित्सा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया, जिसमें 5000 से अधिक मरीजों को निशुल्क उपचार प्रदान किया गया। इन शिविरों में मथुरापुर, आकाशनगर, बड़ागांव, भोजपुर, लोनी, जावली, डिंडार, काजीपुरा, मोहन नगर, फरूखनगर, नंदग्राम, रावली, रजापुर, नूरपुर, रटोल, डासना सहित राज एम्पायर, एससीसी सेपहायर, ऑफिसर सिटी 1 और मेट्रो होम्स जैसी विभिन्न सोसायटियों में भी शिविर लगाए गए। आईटीएस डेंटल कॉलेज के 21 से अधिक दंत विशेषज्ञों की टीम ने 5000 मरीजों के मौखिक स्वास्थ्य की जांच की और आवश्यक उपचार प्रदान किया। शिविर में दांतों की सड़न, मसूड़ों की बीमारियां, दंत फ्लोरोसिस जैसी समस्याओं पर ध्यान दिया गया और मरीजों को इन बीमारियों के रोकथाम के उपाय भी बताए गए। शिविर में दांतों की सफाई एवं सड़न रोकने के लिए एपीएफ जैल का प्रयोग, एक्स-रे जांच एवं दांतों में मसाला भरना, तंबाकू और धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभावों पर परामर्श, डेंटल इंप्लांट, लैमिनेट्स, वेनीयर्स, ब्रेसेस, माइक्रोस्कोपिक रूट कैनाल ट्रीटमेंट, एलाइनर्स, टीथ व्हाइटनिंग, हेयर ट्रांसप्लांट जैसी उन्नत चिकित्सा प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।

## सीलमपुर क्षेत्र की ब्रह्मपुरी कॉलोनी में अवैध मस्जिद बनाकर हिंदुओं को पलायन के लिए किया जा रहा है मजबूर : जय भगवान गोयल

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**दिल्ली :** सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ब्रह्मपुरी की गली नंबर 12 में अपने मकान बेचकर पलायन करने वाले निवासियों को यूनाइटेड हिंदू फ्रंट ने ऐसा करने से रोक कर बिना भय के वहां बने रहने की अपील की है। इस गली में मकान बनाने की अनुमति लेकर मंदिर के ठीक सामने अवैध ढंग से मस्जिद का निर्माण किया जा रहा था। स्थानीय लोगों ने इसका जोरदार विरोध करना शुरू किया। लोगों के अनुसार सीलमपुर के विधायक की शह पर ही इस मस्जिद का निर्माण किया जा रहा है। लोगों के अनुसार 2020 में ब्रह्मपुरी कॉलोनी की गली नंबर 13 की मस्जिद से ही दंगों की शुरूआत हुई थी और अब गली नंबर 12 में भी अवैध मस्जिद का निर्माण शुरू होने से स्थानीय हिंदुओं में भय का वातावरण उत्पन्न हो गया। इसी कारण यहां अपने-अपने मकान बेचने के पोस्टर लगा दिए गए।

फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान गोयल गली नंबर 12 में अपने मकान बेचने जा रहे निवासियों से मिलने पहुंचे लेकिन पुलिस ने वेरीकेड लगाकर गली को पूरी तरह ब्लॉक कर दिया। गली के हिंदुओं द्वारा अपने-अपने मकान के बाहर मकान बिकाऊ है के पोस्टर चिपकाए हुए हैं। गली से बाहर आकर स्थानीय लोगों ने गोयल से मुलाकात करते हुए बताया कि इस मस्जिद का निर्माण मंदिर के ठीक सामने करवाने का मंतव्य मंदिर को बंद करवा कर हिंदुओं को यहां से पलायन करवाना है। सीलमपुर क्षेत्र में पहले ही 9 मंदिर बंद पड़े हैं जहां घंटी तक नहीं बजती। इनमें चौहान बांगर की चार गालियां और जाफराबाद की पांच गलियों के मंदिरों पर पहले ही ताला लग चुका है क्योंकि इन गलियों में एक भी हिंदू परिवार नहीं बचा है। गोयल ने स्थानीय लोगों को बिना किसी भय के वहां बने रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में 50-50 लाख के मकान अढ़ाई-अढ़ाई करोड़ में खरीदने के पीछे कौन सी शक्तियां कम कर रही हैं, इसकी व्यापक जांच की जानी चाहिए।



# एमएम कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में विविध गतिविधियां संपन्न







**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** मुल्तानीमल मोदी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन में विभिन्न शैक्षिक, सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियाँ संपन्न हुईं।

प्रातः 8 बजे स्वयंसेवकों ने कैंप कार्यालय (प्राथमिक विद्यालय, गदाना) की सफाई की। इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा शारीरिक अभ्यास किया गया, जिसमें एनसीसी परेड अभ्यास भी शामिल था। राष्ट्रगान के साथ दिन की औपचारिक शुरूआत हुई। स्वयंसेवक अपने-अपने शिविर स्थलों पर पहुँचे, जहाँ उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके बाद बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए सर्वे फॉर्म के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के लिए स्वयंसेवकों को चार टोलियों में विभाजित किया गया। इन टोलियों ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सरकारी योजनाओं की जानकारी और जागरूकता से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से डेटा एकत्रित किया। साथ ही, स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को डी.जे. कॉलेज, मोदीनगर द्वारा आयोजित निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर की जानकारी दी। सर्वेक्षण के पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने कैंप कार्यालय में पहुँचकर अपने दंत परीक्षण भी कराए। इस स्वास्थ्य शिविर में स्थानीय ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। साइबर क्राइम पर जागरूकता सत्र दोपहर बाद बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें साइबर क्राइम थाना, गाजियाबाद से आए सब-इंस्पेक्टर श्री कर्णवीर सिंह ने साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं, उनसे बचाव के उपायों और कानूनी जानकारी दी।

इसके बाद महाविद्यालय से आए विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों ने स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास के विषय में व्याख्यान दिए।डॉ. नीतू सिंह (पूर्व कार्यक्रम अधिकारी) ने नेतृत्व क्षमता और निर्णय लेने की प्रक्रिया पर बल दिया।डॉ. मंजुलता ने संस्कृत भाषा के महत्व पर व्याख्यान देते हुए भारतीय संस्कृति में इसकी उपयोगिता को रेखांकित किया। डॉ. हरीश कुमार ने संचार कौशल और आत्मविश्वास बढ़ाने की तकनीक साझा की।

## राज्य कर विभाग में जीएसटी सुविधा केंद्र की स्थापना, फर्जी पंजीयन पर लगेगी रोक

**गाजियाबाद।** राज्य कर विभाग ने जीएसटी सुविधा केंद्र की स्थापना की है, जिससे रजिस्ट्रेशन से पहले बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। इससे फर्जी पंजीयन पर रोक लगेगी और जीएसटी प्रणाली अधिक पारदर्शी होगी।

अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्य कर जोन-प्रथम मानवेन्द्र प्रताप सिंह और अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्य कर जोन-द्वितीय भूपेन्द्र शुक्ला ने फीता काटकर जीएसटी सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। गाजियाबाद के जीएसटी सुविधा केंद्र में 06 काउंटर बनाए गए हैं, जहां आवेदनकर्ता को बायोमेट्रिक सत्यापन पूरा करने के बाद ही पंजीकरण दिया जाएगा। इस सुविधा को जल्द ही मुख्यालय से निर्देश मिलने के बाद पूर्ण रूप से लागू कर दिया जाएगा। अपर आयुक्त मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि अब रजिस्ट्रेशन से पहले बायोमेट्रिक कराना अनिवार्य होगा। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही जीएसटी पंजीयन जारी किया जाएगा, जिससे फर्जी दस्तावेजों के उपयोग पर रोक लगेगी। संयुक्त आयुक्त (कॉपोरेट सर्किल) विवेकानंद शुक्ला को गाजियाबाद जीएसटी सुविधा केंद्र का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। भारत में सबसे पहले गुजरात में यह सुविधा शुरू की गई थी।

## ए.एम.एम. पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव उड़ान 3.0 आठ मार्च को



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** ए.एम.एम. पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव ₹उड़ान 3.0₹8 मार्च को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए स्कूल के अध्यक्ष प्रभात मित्तल ने बताया कि वार्षिक उत्सव ₹उड़ान 3.0₹ कार्यक्रम 8 मार्च को कृष्णा फार्म्स, मोदीनगर में आयोजित किया जाएगा। इस भव्य आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जहाँ वे अपनी शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर सकें और उन्हें उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जा सके। विद्यालय की प्राचार्या रीता रस्तोगी ने कहा कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा। इस समारोह में निम्नलिखित प्रतिष्ठित अतिथि विजय शर्मा - राष्ट्रीय भारोत्तोलन कोच, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता, डॉ. पूजा गुप्ता - एसडीएम, मोदीनगर, ज्ञान प्रकाश राय एसीपी, मोदीनगर, डॉ. राज कुमार सांगवान - सांसद, बागपत, डॉ. मंजू सिवाच - विधायक, विनोद वैशाली अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, अनुज गोयल - सेंट्रल काउंसिल मेंबर, आईसीएआई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। मीडिया और प्रेस संवाद कार्यक्रम के उद्देश्यों, विशिष्ट अतिथियों और समाज पर प्रभाव से संबंधित जानकारी साझा की जाएगी। हर किसी के लिए एक यादगार अनुभव सुनिश्चित करने के लिए:बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पारितोषिक वितरण के क्षणों को यादगार बनाने के लिए फोटोशूट एवं वीडियो शूट किया जायेगा। प्रतिभागियों के लिए डिनर बॉक्स उपलब्ध कराए जाएंगे। पेरेंट्स और उपस्थित लोगों के आनंद के लिए सशुल्क स्टॉल लगाए जाएंगे।आमंत्रित अतिथिगण छात्रों एवं छात्राओं को प्रेरित करने और उनके उज्ज्वल और बेहतर भविष्य के लिए, उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरक भाषण भी देंगे।

## मधुर नेहरा को बजरंग दल, जिला संयोजक बनाया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** विश्व हिंदू परिषद की मेरठ प्रांत की दो दिवसीय बैठक अमरोहा में संपन्न हुई। बैठक हिंदू समाज की रक्षा, सेवा एवं संगठन के विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। संगठन के विस्तार एवं प्रभावी कार्य संचालन हेतु मधुर नेहरा को बजरंग दल, जिला गाजियाबाद का जिला संयोजक नियुक्त किया गया। मधुर नेहरा को नई जिम्मेदारी की अनेक गणमान्य लोगों शुभकामनाएँ दीं।

# अवध विवि में स्वर्ण जयंती समारोह का किया गया रिहर्सल

**वेलकम इंडिया**



**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय 04 मार्च को अपना स्वर्ण जयंती समारोह मनायेगा। समारोह की भव्यता के लिए कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता मे दोपहर रिहर्सल किया गया। रिहर्सल की शुरूआत कुलपति ने अधिकारियों एवं संयोजकों के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में मिलेट्स फूड, विभाग प्रगति एवं अवधी चित्रकला में राम की तैयारियों का अवलोकन किया। इसके उपरांत कुलपति ने कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल एवं मुख्य अतिथि राज्यमंत्री रजनी तिवारी के स्वर्ण जयंती पर आगमन के दृष्टिगत स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में प्रस्थान का रिहर्सल किया गया। प्रेक्षागृह में छात्र-छात्राओं द्वारा वन्देमातरम, कुलगीत एवं कुलाधिपति एवं मुख्य अतिथि का स्वागत व कुलपति द्वारा स्वागत उद्बोधन का रिहर्सल किया गया। इस आयोजन में राज्यपाल के द्वारा स्वर्ण जयंती पुस्तक का विमोचन होगा जिसका कुलपति द्वारा रिहर्सल हुआ। इस समारोह में कुलाधिपति द्वारा नवनिर्मित सरदार पटेल भवन का मंच से आनलाइन लोकार्पण व सर्वश्रेष्ठ पांच आगंनबाड़ी कार्यकत्रियों को पुरस्कृत किए जायेंगे। इसके अलावा स्वस्थ आगंनबाड़ी बालक बालिका तथा गोद लिए गए गांव के विद्यालयीय एवं महाविद्यालयों के प्रतिभागियों को विभिन्न प्रतियोगिता के आधार पर और स्नातक एवं परास्नातक के सर्वश्रेष्ठ को पुरस्कृत किया जायेगा। इसका भी रिहर्सल किया गया। इसके उपरांत कुलाधिपति एवं मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम का भेट करने का रिहर्सल हुआ। समारोह का संचालन प्रो0 एसएस मिश्र ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव उमानाथ द्वारा किया गया। समारोह का समापन छात्र-छात्राओं के राष्ट्रगान के रिहर्सल से किया गया। मीडिया प्रभारी ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 10:30 बजे स्वर्ण जयंती समारोह शुरू हो जायेगा। आमंत्रित आंगन्तुक आमंत्रित कार्ड व एक पहचान-पत्र के साथ प्रेक्षागृह में स्थान ग्रहण करना होगा। रिहर्सल में प्रो0 चयन कुमार मिश्र, प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ला, प्रो0 तुहिना वर्मा, प्रो0 विनोद श्रीवास्तव, प्रो0 अनूप कुमार, प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र सहित अन्य मौजूद रहे।

## अवैध कॉलोनियों पर बड़ी कार्रवाई, जीडीए का बुलडोजर चला

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ा ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। ग्राम मोरटी और ग्राम अटौर में अवैध प्लाटिंग और निर्माण कार्यों को जीडीए की प्रवर्तन टीम ने ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देश पर की गई।

ग्राम मोरटी में अशोक जैन द्वारा 5000 वर्ग मीटर क्षेत्र में की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। ग्राम अटोर में श्रीनिवास द्वारा 8000 वर्ग मीटर क्षेत्र में प्लॉटिंग के लिए बनाई गई ईंटों की लाइलिंग को तोड़ दिया गया। वहीं ग्राम अटोर में विकास त्यागी और मुनिराज त्यागी द्वारा 4600 वर्ग मीटर में मिट्टी डालकर बनाई जा रही सड़क को उखाड़ दिया गया। अवैध निर्माण तोड़ने के दौरान स्थानीय कॉलोनाइजरों और बिल्डरों ने विरोध किया, लेकिन पुलिस और जीडीए प्रवर्तन टीम की सख्ती के कारण विरोध दब गया। अधिकारियों ने मौके पर ही चेतावनी दी कि बिना स्वीकृति के किए गए किसी भी निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा। जीडीए ने सख्त चेतावनी दी कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। बिना स्वीकृति के किसी भी निर्माण को तोड़ा जाएगा।

जीडीए गाजियाबाद में अनियंत्रित और अवैध निर्माण नहीं होने देगा। गाजियाबाद में जीडीए की इस सख्त कार्रवाई से अवैध प्लॉटिंग करने वालों में हड़कंप मच गया है। जीडीए अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि भविष्य में और भी कई अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलेगा।

# रेलवे रोड पर सार्वजनिक शौचालय का शुभारंभ



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने रेलवे रोड बनाए गए नए महिला एवं पुरुष सार्वजनिक शौचालय का शुभारंभ किया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि रेलवे रोड पर आप ही पहले बना हुआ सार्वजनिक शौचालय जर्जर हो गया था। इसलिए दोबारा से सुलभ शौचालय बनाया गया है । महिला एवं पुरुष शौचालय का उपयोग कर सकेंगे। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, ईओ नरेंद्र मिश्र, श्रीमती शिल्पी, अमित पायला, सभासद सुमन, सुबे सिंह, सभासद अर्जुन नेहरा, सभासद वेद प्रकाश चौधरी, सभासद रजनीश चौधरी, सभासद ललित त्यागी, सभासद राहुल राणा, सभासद कपिल चौधरी, सभासद प्रदीप कालू, सभासद जितेंद्र चौधरी, सभासद मोनू धामा, सभासद ललित मित्तल, सभासद बब्लू कौशिक, सभासद संजय चौधरी, सभासद सोनू डमरू, अमित कराटे, निर्दोश खटाना और अन्य व्यापारी गण उपस्थित थे।

## राम मंदिर पर आतंकी हमले की साजिश नाकाम, फरीदाबाद से हुआ गिरफ्तार अब्दुल रहमान

**वेलकम इंडिया**



**अयोध्या मिल्कीपुर।** फरीदाबाद से पकड़े गए संदिग्ध अब्दुल रहमान को लेकर बड़ा खुलासा किया गया है। सुरक्षा एजेंसियां के सूत्रों के मुताबिक अब्दुल रहमान के जरिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई अयोध्या के राम मंदिर पर हमला करवाने की प्लानिंग कर रही थी। इसके लिए आईएसआई ने अब्दुल रहमान को तैयार किया था।अब्दुल रहमान अयोध्या के मिल्कीपुर में शंकर के नाम से रह रहा था। उसकी निशानदेही पर टीम ने 2 हैंड ग्रेनेड बरामद किया है.।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब्दुल रहमान करक के संपर्क में था, जिसे सेंट्रल एजेंसियों के इनपुट्स के आधार पर गुजरात अळर और फरीदाबाद रळऋ ने रविवार को दबोचा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आतंकी अब्दुल कई जमात से जुड़ा हुआ है। अब्दुल रहमान फैजाबाद में मटन शॉप चलाता है और पेश से ऑटो चालक भी है। बता दें कि राम मंदिर निर्माण के बाद से अयोध्या लगातार आतंकियों के निशाने पर है। हालांकि अब्दुल को गिरफ्तार करके जांच एजेंसियों ने करक की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। आतंकी अब्दुल रहमान की प्लानिंग थी कि हैंड ग्रेनेड के जरिए अयोध्या राममंदिर पर अटैक कर बड़ी तबाही मचाई जा सके। साजिश के तहत अब्दुल ने कई बार राम मंदिर की रेकी की थी और तमाम जानकारी पाकिस्तान करक के साथ साझा भी की। अब्दुल रहमान फैजाबाद से ट्रेन से फरीदाबाद पहुँचा था।

आतंकी अब्दुल रहमान को फिर एक हैंडलर्स ने हैंड ग्रेनेड दिए। जिसे वापस लेकर ट्रेन से अयोध्या जाना था। हालांकि प्लान सफल होता, उससे पहले सेंट्रल एजेंसियों के इनपुट्स के आधार पर गुजरात अळर और फरीदाबाद रळऋ ने संदिग्ध आतंकी को दबोच लिया।

## वरिष्ठ पत्रकार की बेटी का विवाह संपन्न, पत्रकारों व समाज सेवियों दिया आशीर्वाद



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** पिलखुवा नगर के वरिष्ठ पत्रकार की पुत्री का विवाह से कुशल संपन्न हुआ। पिलखुवा के रेलवे रोड स्थित एक विवाह मंडप में करण और छाया ने सात फेरे लेकर विवाह बंधन में बंध गए। यह शादी दोनों परिवारों के लिए एक खास और यादगार पल था। शादी से पहले 1 मार्च को दिल्ली के शाहदरा में करण के घर पर लगन की रस्म हुई थी, जिसमें दोनों परिवारों के बड़े बुजुर्गों ने शामिल होकर दंपति को आशीर्वाद दिया।

शादी के दिन विवाह मंडप को खूबसूरती से सजाया गया था और मेहमानों ने दूल्हा-दुल्हन को शुभकामनाएं दीं। छाया के पिता गजेंद्र राठी ने अपनी पुत्री को विदा करते हुए भावुक पल बिताए। उन्होंने छाया को नई जिंदगी में खुशहाल और सफल बनने का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर दोनों परिवारों के सदस्यों और करीबी रिश्तेदारों ने शादी में शिरकत की और दंपति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शादी के बाद दूल्हा-दुल्हन को परिवार के सदस्यों और मेहमानों ने उपहार और आशीर्वाद दिए। इस दौरान खुशी और उत्साह का माहौल था। दोनों परिवारों ने इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया। शादी के बाद छाया ने अपने नए घर की ओर प्रस्थान किया, जहां उनका स्वागत करण के परिवार ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया। यह शादी न केवल दो लोगों का मिलन था, बल्कि दो परिवारों के बीच एक नए रिश्ते की शुरूआत भी थी। दोनों परिवारों ने इस मौके को खूब धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर अमर उजाला के पिलखवा प्रभारी जितेंद्र शर्मा, जनार्दन सेनी, न्यूज नेशन के जिला प्रभारी चरणजीत, वेलकम इंडिया न्यूज पेपर के व न्यूज इंडिया फर्स्ट के जिला प्रभारी राजेंद्र सिंह एशियन न्यूज के जिला प्रभारी की वसीम, उजाला हितैषी एक्सप्रेस के जिला प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ,बुलंद संदेश के एडिटर अब्दुल सलाम, पंकज, वरुण कुमार, अशोक कुमार, अमित टॉक, राजीव कंसल प्रेमचंद गुप्ता, प्रदीप प्रताप गुप्ता तथा ,श्वेता चौधरी नरेन्, आदि ने दंपति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# श्री मदभागवत की कथा में बाबा भोले नाथ, दच्छ प्रजापति की कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता



**वेलकम इंडिया**

**अयोध्या।** श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्रीराम ने अपने उत्कृष्ट आचरण से पूरे विश्व को मानवता, प्रेम तथा पारिवारिक एवं सामाजिक मयार्दा का संदेश दिया। सत्य से विचलित मानवता को युग-युगांतर तक सही मार्ग दिखाता रहेगा। श्रीमद् भागवत कथा ग्राम सभा कुचेरा पूरे सीताराम का पुरवा गाँव निवासी श्री अयोध्या प्रसाद शर्मा निज आवास पर चल रहे सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन बाबा भोले नाथ की कथा में राजा हिमांचल के यहाँ यज्ञ का आयोजन हुआ जिसमे सभी देवी देवताओं को निमंत्रण भेजा गया लेकिन बाबा भोले नाथ को निमंत्रण राजा हिमांचल ने नहीं दिया सभी देवी देवता यज्ञ में पहुँचे वहीं यज्ञ में माँ पार्वती जी भोले नाथ से यज्ञ में चलने के लिए कहा जिस पर बाबा भोले नाथ ने माँ पार्वती से कहा की सबको निमंत्रण भेजा गया लेकिन यहाँ निमंत्रण नहीं आया है इस लिए बिना बुलाये नहीं जाना चाहिए जिस पर पार्वती नहीं मानी और यज्ञ में चली गयी।जाने के बाद माँ पार्वती से किसी ने बात तक नहीं की।और जो देवता गण आये थे उनके लिए स्थान निर्धारित किया गया था लेकिन बाबा भोलेनाथ का स्थान कहीं नहीं था मां पार्वती ने जब देखा कि बाबा भोलेनाथ का स्थान कहीं नहीं है तो वह क्रोधित हो गई और वही अग्नि में समाहित हो गई जब इसकी सूचना बाबा भोलेनाथ को लगी तो बाबा भोलेनाथ क्रोधित होकर राजा हिमाचल के यहां पहुंचकर यज्ञ साला को विध्वंस कर दिया और यज्ञ को भंग कर दिया ।इस मौके पर मौजूद श्रद्धालु भगवान बाबा भोले नाथ, दच्छ,प्रजापति सहित कथा का श्रवण कर झूम उठे। कथा ब्यास सुप्रसिद्ध पंडित मंगल पाण्डेय जी महराज श्री धाम वृन्दावन ने श्री ब्रम्हा जी के जन्म,मनु और दच्छ प्रजापति, बाबा भोले नाथ सहित प्रसंग की ऐसी व्याख्या की कथा में भक्त,श्रोता भावविभोर हो उठे। और झूम उठे। कथा व्यास पंडित मंगल पाण्डेय ने अपने कथा के माध्यम से कहा कि तीन कल्प में तीन विष्णु का अवतार हुआ है।

# जनपद न्यायाधीश ने दिए- राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के आदेश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के तत्वाधान में श्री अनिल कुमार-दशम जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के निर्देशन में जनपद न्यायालय गाजियाबाद के सभागार में राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में बैठक आहूत की गई।

माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद द्वारा बैठक में प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों को दिनांक 08-03-2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु दिशानिर्देश जारी किये गये तथा उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु चिन्हित सभी वादों के विवरण का अवलोकन किया। जिला प्रशासन द्वारा अभी तक सभी प्रकार के लगभग 1,34,000 वादों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु चिन्हित करते हुये निस्तारण की संम्भावना व्यक्त की गई है। माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद द्वारा बैठक में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

दिनांक 08-03-2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार–प्रसार हेतु जिला सूचना अधिकारी गाजियाबाद को निर्देशित किया गया कि वह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया इत्यादि साधनों से दिनांक 08-03-2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में अधिक से अधिक लोगो तक जानकारी पहुंचाना सुनिश्चित करें जिससे कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सके। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादो का निस्तारण करना एकमात्र लक्ष्य हो। बैठक में न्यायिक अधिकारियों के रूप में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1 श्री हीरालाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नजारत प्रभारी श्री नीरज गौतम, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री गौरव शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री जसवीर सिंह यादव तथा प्रशासनिक अधिकारियों के रूप मे अपर जिलाधिकारी गाजियाबाद, जिला प्रोबेशन अधिकारी गाजियाबाद, प्रतिनिधि जिला सूचना अधिकारी गाजियाबाद, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात गाजियाबाद, उप श्रमायुक्त गाजियाबाद, लीड बैंक मैनेजर केनरा बैंक गाजियाबाद, तहसीलदार मोदीनगर लोनी एवं गाजियाबाद, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# नोएडा वेलफेयर एसोसिएशन की आमसभा नवयुग मार्केट में आयोजित



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। नोएडा वेलफेयर एसोसिएशन की आमसभा को स्वराज इलेक्ट्रिकल्स 61, नवयुग मार्केट में आयोजित किया गया। इसमें हुए मुख्य निर्णय निम्न प्रकार से हैं। उपस्थित सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से पूर्व पदाधिकारियों को अपना समर्थन दिया। संदीप (अध्यक्ष) पी. के इलेक्ट्रिकल्स, आशीष अग्निहोत्री (महामंत्री) एरोकॉम, घनश्याम अग्रवाल (वरिष्ठ संरक्षक) इलेक्ट्रोमार्ट ,अतुल (चेयरमैन) डिजी स्माइल, विमल तकियार (उपाध्यक्ष) अपोलो ट्रेडिंग, राजीव ( उपाध्यक्ष) मूनएयर, मनीष (कोषाध्यक्ष) नंदमूर्ति डिस्ट्रीब्यूटर्स। इसके उपरांत नए पदाधिकारियों को सभी सदस्यों की सहमति से पदासीन किया गया, जो निम्नप्रकार है। अजय चोपड़ा (वरिष्ठ उपाध्यक्ष) हर्ष इलेक्ट्रिकल्स, अनिरुद्ध वशिष्ठ (उपाध्यक्ष)शर्मा इलेक्ट्रिकल्स, विवेक गोयल (उपाध्यक्ष) मां प्रत्यक्ष इंटरप्राइजेज, अरविंद गर्ग (उपकोषाध्यक्ष) शिव डिस्ट्रीब्यूटर्स, राकेश गुप्ता (उपकोषाध्यक्ष)शिवहरिकृपा डिस्ट्रीब्यूटर्स, तरुण सिंघल (संगठन मंत्री) जी. एम रेफ्रिजरेशन, संचित (प्रचार मंत्री) ए वन इलेक्ट्रॉनिक्स, मयंक भसीन (संयुक्त मंत्री) भसीन डिस्ट्रीब्यूटर्स, नितिन (सहसंगठन मंत्री)सायनों टेक्नोलॉजी, इसके अतिरिक्त सभी सदस्यों द्वारा भविष्य में कार्यप्रणाली को लेकर विस्तृत चर्चा गई।

# 16वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रमः सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। गौतमबुद्धनगर में सात दिवसीय ट्राइबल यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम में आदिवासी युवा देखेंगे नया भारत, सीखेंगे आत्मनिर्भर बनने के गुर की परिकल्पना साकार होती है। इसी विचार को केंद्र में रखते हुए नेहरू युवा केंद्र संगठन, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में नेहरू युवा केंद्र गौतमबुद्धनगर द्वारा 16वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 02 मार्च से 08 मार्च 2025 तक नोएडा कॉलेज ऑफ फिजिकल फिजिकल एजुकेशन धूम मानिकपुर दादरी में आयोजित किया जा रहा है। नेहरू युवा केंद्र गौतमबुद्धनगर की जिला युवा अधिकारी स्निग्धा सिंह ने बताया कि आज दिनांक 3 मार्च 2025 को कार्यक्रम के द्वितीय दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में आए अतिथियों में डॉ उदित नारायण सहायक परिवहन संभाग अधिकारी द्वारा युवाओं को यातायात के नियमों का पालन करने संबंधी सभी नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। इससे पहले श्री महेंद्र सिंह सिसोदिया क्षेत्रीय निदेशक नेहरू युवा केंद्र संगठन लखनऊ द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा युवाओं नेतृत्व विकास एवं भविष्य में आने वाली चुनौतियों के बारे में विस्तार से समझाया। अन्य तिथियां में डॉ आशुतोष राय प्रिंसिपल एनसीपीई कॉलेज द्वारा ए आई से होने वाले फायदे और नुकसान के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में युवाओं द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता मे प्रतिभा क्या है। अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी 6 जनपदों के प्रतिभागियों ने भाग लेकर सभी का मन मोह लिया।

## बैंक कर्मचारी बनकर 2.12 लाख की ठगी, पुलिस जांच में जुटी

**गाजियाबाद**। वैशाली सेक्टर-4 में रहने वाले सुमित चोपड़ा से साइबर ठगों ने 2.12 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। ठगों ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर फोन किया और क्रेडिट कार्ड से संबंधित जानकारी मांगी। इसके बाद उन्होंने पीड़ित के मोबाइल पर एक लिंक भेजा और ओटीपी साझा करने को कहा। जैसे ही सुमित ने ओटीपी बताया, उनका फोन हैक हो गया और क्रेडिट कार्ड से लाखों रुपये निकल गए।

घटना का पता चलते ही सुमित चोपड़ा ने तुरंत अपने बैंक से संपर्क किया। बैंक ने तत्परता दिखाते हुए 71,000 रुपये की राशि वापस दिलाई। इसके बाद पीड़ित ने संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 14 फरवरी की रात करीब 9 बजे सुमित को एक फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को अमेरिकन बैंक का कर्मचारी बताया और उन्हें नया क्रेडिट कार्ड ऑफर करने की बात कही।

# समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया ने प्रतिभाओं के अलंकरण में जड़े 51 मोती

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। देश की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया ने आठ राज्यों की 51 प्रतिभओं का सम्मानित कर एक बार फिर सम्मानों के अलंकरण में मोती जड़ने का काम किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र बच्चन ने संस्था के तृतीय स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्र गौरव सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जब समाज की प्रतिभाओं को सम्मान और समर्थन मिलता है तो वे नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित होती हैं। यह न केवल उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक होता है बल्कि देश की प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।

प्रताप विहार स्थिति फ्लोरेस अस्पताल के कान्फ्रेस हाल में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीआईआईटी कालेज ग्रेटर नोएडा के चेयरमैन प्रोफेसर (डॉ.) भरत सिंह रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. एम. के. सिंह, अलग-अलग विधाओं में आठ विश्व रिकॉर्ड बना चुके दिल्ली के डॉ. सुरेश चंद्र वर्मा ह्यजसालाह्ल, ह्यराष्ट्र गौरवह्ल अवार्ड प्राप्त मेरठ के रूपेन्द्र सिंह रोमी और गाजियाबाद के वरिष्ठ समाजसेवी सुधीर कुमार श्रीवास्तव शामिल थे। संयुक्त रूप से सभी अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इसके बाद समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसकेएफआई) के महानिदेशक अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष अमित सक्सेना व गाजियाबाद जिलाध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव ने अतिथियों को शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया। मुख्य अतिथि प्रो. भरत सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि होनहार प्रतिभाएं अपने परिवार के साथ ही समाज व देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। एसकेएफआई का यह बहुत ही बढ़िया प्रयास है। इससे अन्य लोगों का भी उत्साह बढ़ता है और उनमें कुछ अलग करने की ललक जगती है। लोगों का मनोबल बढ़ाने के लिए समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया का सम्मान समारोह एक बेहतर मंच है। समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ एमके सिंह ने कहा कि होनहार प्रतिभाएं अपनी मेहनत और लगन से समाज एवं देश का नाम रोशन करती हैं। उनका सम्मान करने से उन्हें प्रोत्साहन मिलता है तथा अन्य लोग भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित होते हैं।

## ऑटो चालक की बेरहमी से हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद**। क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में ऑटो चालक शिवम की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। गुरुग्राम निवासी 23 वर्षीय शिवम उर्फ छोटू अपने दोस्त से मिलने बाग कॉलोनी आया था, जहां किसी बात पर विवाद हो गया। इसी दौरान आरोपी दोस्त ने शिवम के पेट में पेचकस घोंप दिया। गंभीर रूप से घायल शिवम को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। मृतक शिवम गुरुग्राम में शराब की कैंटीन में नौकरी करता था और भीमनगर इलाके में किराए पर रहता था। 2 मार्च 2025 को वह अपने घर आया था, तभी उसके दोस्तों मनीष, गौतम और रंजीत ने उसे शराब पिलाने के बहाने तिगरी गोल चक्कर बुलाया।

# सो रहे व्यक्ति का गुप्तांग काटकर ले गए हमलावर, किन्नर पर आरोप

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। एक दहलाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति का गुप्तांग काटकर हमलावर फरार हो गए। यह घटना बम्हेटा गांव में घटी, जब डेयरी में सो रहे पीड़ित पर हमला किया गया। परिजनों ने किन्नर पारो और उसके साथियों पर इस वीभत्स घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। परिजनों के मुताबिक, रात करीब 12 बजे तीन-चार हमलावरों ने पहले पीड़ित को बेहोशी की दवा सुंघाई, फिर मारपीट की और गुप्तांग काटकर फरार हो गए। घटना के बाद खून से लथपथ हालत में पीड़ित को गाजियाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि घटना के तीन दिन बाद भी पीड़ित को होश नहीं आया है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# शादी-बारात में लूटपाट करने वाले तीन लुटेरे गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। देहात पुलिस ने तीन ऐसे शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है, जो शादी-बारात में शामिल होकर दूल्हे के रिश्तेदारों से लूटपाट करते थे। इनकी गिरफ्तारी से गाजियाबाद, नोएडा, दिल्ली और एनसीआर में लगातार बढ़ रही शादी समारोहों में चोरी और लूट की घटनाओं पर लगाम लगने की उम्मीद है। पुलिस लोनी बॉर्डर के पास देर रात चेकिंग कर रही थी, तभी तीन युवक बाइक पर आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हें रोका और पूछताछ की, तो खुलासा हुआ कि ये लुटेरे दिल्ली के रहने वाले हैं और शादी-बारात में लूट की वारदात को अंजाम देते हैं। ये लुटेरे शादी समारोहों की भीड़ का फायदा उठाकर दूल्हे के परिवार और मेहमानों को निशाना बनाते थे। रात के अंधेरे और भीड़भाड़ का फायदा उठाकर वे आसानी से फरार हो जाते थे, जिससे किसी को उन पर शक नहीं होता था। ये लोग मोटरसाइकिल पर अलग-अलग स्टिकर लगाकर पहचान छुपाते थे और लूट के बाद तुरंत भाग निकलते थे। कुछ दिन पहले लोनी के अंकुर विहार में दूल्हे के पिता का बैग छीनकर लुटेरे फरार हो गए थे। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिससे पता चला कि दिल्ली नंबर की एक बाइक बार-बार घटनास्थल पर देखी गई। जब पुलिस बाइक मालिक तक पहुंची, तो खुलासा हुआ कि वह इसे किराए पर देता था और लुटेरे इसी बाइक का इस्तेमाल कर वारदात को अंजाम देते थे। बदमाशों के पास से एक मोटरसाइकिल, चांदी के कुछ सामान व नगद बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि इस गैंग का एक मुख्य सदस्य अभी भी फरार है, जो पूरे गिरोह को संचालित करता था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है और जल्द ही उसे भी पकड़ लिया जाएगा। गाजियाबाद पुलिस ने कहा कि शादी समारोहों में लूटपाट करने वाले अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और ऐसे गिरोहों पर पूरी नजर रखी जा रही है।

# एचपीसीएल एलपीजी बॉटलिंग प्लांट लोनी में एचपी सखी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। मुख्य विकास अधिकारी, महोदय गाजियाबाद के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीण उपभोक्ताओं को एलपीजी रीफिल और संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (टङ्कव) पर एचपी डिस्ट्रीब्यूटर और और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह की सखियों के मध्य हस्ताक्षर किए गए हैं। एवं इसके अंतर्गत उनको नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए हैं। इस समझौते के तहत, वितरक लढ सखी के रूप में चयनित सखियों को नियुक्त करेगा, जो ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं तक एलपीजी सेवाएं पहुँचाने में सहयोग करेंगी। इस कार्यक्रम का आयोजन श्री विलास मनी चंद्र जनरल मैनेजर, ठङ्क१ ३ँ ९ङ्कल्ली एचपीसीएल एवं श्री संदीप कुमार गुप्ता जनरल मैनेजर लोनी एल पी जी रीजनल ऑफिस एचपीसीएल द्वारा किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि इस पहल का उद्देश्य एलपीजी पंचायतों, सुरक्षा क्लीनिकों, और निष्क्रिय ग्राहकों के लिए वित्तीय सहायता जैसी गतिविधियों के माध्यम से एलपीजी के उपयोग को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही, लढ सखी एलपीजी चूल्हों और अन्य उत्पादों की बिक्री में भी सहायता प्रदान करेंगी, जिससे एलपीजी की रीफिल और वितरण सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें। मुख्य विकास अधिकारी, महोदय द्वारा सभी सखियों को आगे आकर उक्त कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया गया एवं उनको बताया गया कि किस प्रकार वह एचपी सखी बनकर आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बन सकती हैं। इस कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी गाजियाबाद, खंड विकास अधिकारी लोनी, सहायक विकास अधिकारी करइ लोनी, ब्लॉक मिशन प्रबंधक लोनी भी उपस्थित रहे। यह योजना गाँव, ब्लॉक और जिले स्तर पर लागू की जाएगी, जिसे एचपीसीएल (लढउछ) द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

# बंद मैरिज हॉल में अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़, पिता-पुत्र गिरफ्तार

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। थाना ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र के मंडोला गांव नानू में स्थित एक बंद पड़े मैरिज हॉल में अवैध रूप से पटाखे बनाने का गोरखधंधा चल रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर इस अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया और पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस जब मैरिज हॉल पहुंची, तो वहां भारी मात्रा में बने और अधबने पटाखे, विस्फोटक पदार्थ और मशीनें बरामद हुईं। पुलिस ने बताया कि आरोपी अलग-अलग कंपनियों के नाम से नकली मार्का लगाकर पटाखे बाजार में बेचते थे, जिससे उन्हें मोटा मुनाफा होता था। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 20 किलो मिश्रित विस्फोटक पाउडर, तीन पंचिंग मशीन, 2000 खाली नकली कागज, अधबने पटाखों की बड़ी खेप, पैकिंग गत्ते, फेविकोल और सेलो टेप की मशीनें बरामद की गई हैं।